
**सुविचार**
धूप बहुत कड़ी है बदन जल रहा है। कुछ तकलीफ जरूर है पर घर चल रहा है।

# Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

*Published from Ranchi*

Ranchi ● Tuesday, 16 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 119 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08

मेरा दिल कई बार टूटा है : उर्फी जावेद

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 62,345.71 |
| निफ्टी | : | 18,398.85 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,800 |
| चांदी | : | 78.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### भारतीय सेना प्रमुख मिस्र के दौरे पर, आपसी हित के मुद्दों पर होगी चर्चा

**NEW DELHI :** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे 16 मई से दो दिवसीय यात्रा पर मिस्र जायेंगे। यात्रा के दौरान सेना प्रमुख मेजबान देश के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से मुलाकात करके भारत-मिस्र रक्षा संबंधों को आगे ले जाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। वह मिस्र के विभिन्न सशस्त्र बलों के प्रतिष्ठानों का भी दौरा करेंगे और आपसी हित के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। सेना प्रमुख मिस्र के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ, रक्षा और सैन्य उत्पादन मंत्री और मिस्र के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के साथ बातचीत करेंगे। वह मिस्र के सशस्त्र बल ऑपरेशन्स प्राधिकरण के प्रमुख के साथ व्यापक विचार-विमर्श भी करेंगे। थल सेनाध्यक्ष की यह यात्रा दोनों सेनाओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी।

### ईडी के छापों में देसी शराब डिस्टलर के घर से 28 करोड़ के जेवर बरामद

**RAIPUR :** छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच कर रही ईडी द्वारा सोमवार शाम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छापेमारी में एक देसी शराब डिस्टलर के घर से 28 करोड़ के जेवर बरामद हुए हैं। जिसे जब्त कर लिया गया है। ईडी ने डिस्टलर का नाम उजागर नहीं किया है। इसी तरह कारोबारी अनवर ढेबर द्वारा नवा रायपुर में जॉइंट वेंचर के नाम पर 53 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने का भी खुलासा किया है। जिसकी कीमत 21.60 करोड़ रुपये बताई गई है। ईडी ने आरोप लगाया है कि यह जमीन अवैध कमाई से खरीद की गई है। ईडी ने बताया कि मुंबई में छापे के दौरान शेयर ट्रेडिंग कंपनी में एक करोड़ के इन्वेस्टमेंट का पता चला है' यह इन्वेस्टमेंट अरविंद सिंह और पिंकी सिंह के नाम पर किया गया है। इसे ईडी ने फ्रीज कर दिया है। इसी तरह त्रिलोक सिंह ढिल्लन के यहां छापे में 27.5 करोड़ रुपये के फिक्स डिपॉजिट की जानकारी सामने आने के बाद फ्रीज किया गया है।

### 25 मई को रांची आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**RANCHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) रांची के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके लिए राष्ट्रपति भवन से मंजूरी मिल गयी है। इस समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति 25 मई को रांची आ रही हैं। समारोह में बीटेक और एमटेक के 2019-23 के करीब 120 विद्यार्थी डिग्री हासिल करेंगे। समारोह में राष्ट्रपति के हाथ से विषयों के टॉपर्स को मेडल दिया जाएगा। यह दीक्षांत समारोह पहले जून में होना था, लेकिन राष्ट्रपति के मई में झारखंड आगमन के कार्यक्रम को देखते हुए इसे पहले किया गया है। समारोह में बीटेक के दो ब्रांच कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर विद्यार्थियों के बीच एक-एक गोल्ड और एक-एक सिल्वर मेडल दिया जायेगा। एमटेक दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ईसीसी विद स्पेशलाइजेशन इन एंबेडेड सिस्टर एंड आईओटी- के टॉपरों के बीच एक-एक गोल्ड मेडल बंटेगा।



## हेमंत सोरेन ने मल्लिकार्जुन खड़गे से की मुलाकात

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पर खड़गे को बधाई दी। दोनों के बीच वर्तमान और भविष्य के राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई।**

## राजभवन के समक्ष होमगार्ड जवानों ने किया प्रदर्शन 'वर्दी एक और नियम दो नहीं चलेगा' का लगाया नारा

### जवानों ने कहा- चार महीने काम मिलता है फिर मजदूरी करके घर चलाना पड़ता है

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले राज्यभर के हजारों होमगार्ड जवान झारखंड सरकार के खिलाफ सोमवार को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया। इससे पूर्व होमगार्ड के जवान मोरहाबादी में जमा हुए और मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले थे। लेकिन उन्हें राजभवन के समक्ष रोक दिया गया। इसके बाद सभी होमगार्ड के जवान राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किये। वहीं दूसरी ओर प्रदर्शन कर रहे होमगार्ड जवानों का कहना है कि एक वर्दी और दो नियम नहीं चलेंगे। वादाखिलाफी सरकार को होमगार्ड का शोषण बंद करना होगा। जवानों ने कहा कि हमें वर्दी तो मिली, लेकिन नियमित ड्यूटी नहीं दी गयी है। हमें चार महीने काम मिलता है। इसके बाद मजदूरी करके घर चलाना पड़ता है।



अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते होमगार्ड जवान ● फोटोन न्यूज

मौके पर प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार गठन से पूर्व राज्य में कार्यरत सभी होमगार्ड जवानों को नियमित करने, समान काम के बदले समान वेतन सहित अन्य सुविधाएं देने का वादा किया था। लेकिन सरकार बनने के बाद हेमंत सोरेन ने तीन वर्ष बाद भी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने होमगार्ड के जवानों की मांगों को अनसुना कर दिया। ऐसे में अब राज्य में सेवारत हजारों होमगार्ड जवान विरोध कर रहे हैं। तिवारी ने कहा कि सरकार मांग पूरी नहीं करेगी तो होमगार्ड के जवान अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रमुख मांगों में पुलिसकर्मियों की तरह वेतन और अन्य सुविधाएं देने और समान काम के बदले समान वेतन देने, नियमित डयूटी देने और सेवानिवृत्त होने पर एक मुश्त भुगतान करने सहित अन्य मांग शामिल है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आवास से मंगलवार को एसोसिएशन के पांच प्रतिनिधि को बातचीत के लिए बुलाया गया है। इनमें प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी, राजीव कुमार तिवारी, चरण चातर, प्रकाश पूर्ति और अमरेन्द्र द्विवेदी शामिल होंगे।

इमरान की रिहाई के खिलाफ SC के सामने प्रदर्शन

## कड़ी सुरक्षा में पीछे के दरवाजे से निकले जज



पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट की मेन गेट पर चढ़ते प्रदर्शनकारी ● एजेंसी

**AGENCY ISLAMABAD :** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहाई देने पर सुप्रीम कोर्ट के सामने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट में शामिल पार्टियां धरना दे रही हैं। बड़ी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद हैं। अगुआई जमीयत-ए-उलेमा-इस्लाम फजल के नेता मौलाना फजल-उर-रहमान कर रहे हैं। उनके साथ पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज की वाइस प्रेसिडेंट मरियम नवाज भी हैं। प्रदर्शनकारियों की तादाद इतनी ज्यादा थी कि जजों को पिछले दरवाजे से कड़ी सुरक्षा में निकालना पड़ा। दूसरी तरफ, अल कादिर ट्रस्ट केस में इमरान की पत्नी बुशरा को 23 मई तक गिरफ्तारी से राहत मिल गई है। इमरान और बुशरा बीबी लाहौर हाईकोर्ट पहुंचे तो उनके चारों तरफ सफेद कपड़े का घेरा बनाया गया था। इसलिए मीडिया को उनकी तस्वीरें लेने का मौका भी नहीं मिला। 4 मिनट की सुनवाई में बुशरा को 23 मई तक प्रोटेक्टिव बेल मिल गई। रेड जोन वाले इस इलाके में 9 मई से धारा 144 लागू है। इसके बावजूद कार्यकर्ता यहां पहुंचे और उन्होंने गेट फांदकर सुप्रीम कोर्ट में घुसने की कोशिश की। डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने संसद में कहा- पहले सुनते थे कि पर्चे लीक होते हैं। अब सुनते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले भी लीक हो रहे हैं।

### इमरान बोले- मुझे 10 साल जेल में रखना चाहती है सरकार

पाकिस्तान में 9 मई को हुई पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद वहां सियासी हंगामा जारी है। इमरान खान ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखा था- सरकार बुशरा बेगम को गिरफ्तार कर मुझे नीचा दिखाना चाहती है। खान ने नवाज शरीफ का नाम लिए बगैर कहा - मेरे लिए 'लंदन प्लान' बन चुका है। मुल्क से गद्दारी का इस्तेमाल कर सरकार मुझे 10 साल के लिए जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

# TAMILNADU: जहरीली शराब पीने से 14 की मौत

## 51 अस्पताल में भर्ती, विल्लुपुरम के एसपी को सस्पेंड करने का आदेश

**AGENCY VILUPPURAM :** तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने की दो घटनाओं में बीते तीन दिन के अंदर 14 लोगों की मौत हो गई। विलुप्पुरम में 9 और चेंगलपट्टू में 5 लोगों ने दम तोड़ा है। 51 लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। विल्लुपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि इस मामले की जांच सीबी सीआईडी से कराई जाएगी। इस दौरान उन्होंने जहरीली शराब कांड में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। सीएम एमके स्टालिन ने विल्लुपुरम के एसपी को सस्पेंड करने और चेंगलपट्टू के एसपी के तबादले का आदेश दिया है। शनिवार शाम विलुप्पुरम के एकियारकुप्पम में मछुआरों के गांव में कुछ लोगों ने अवैध शराब पी थी। इसके बाद इनकी तबीयत खराब हो गई। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद इनमें से 5 लोगों की रविवार को और 4 की सोमवार को मौत हो गई। इससे पहले शुक्रवार को चेंगलपट्टू जिले के मदुरंथागम में अवैध जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। चेंगलपेट सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सात लोगों का इलाज चल रहा है।



विल्लुपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बाहर धरना दे रहे लोगों को समझाती पुलिस ● एजेंसी

### 10-10 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान

सोमवार को सीएम एमके स्टालिन विल्लुपुरम जिला अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए और अस्पताल में भर्ती लोगों को 50 हजार रुपए मुआवजे की घोषणा की। भर्ती लोगों का उचित इलाज करने का भी निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि सरकार अवैध शराब और नशीले पदार्थों पर सख्ती से रोक लगा रही है।

सीएम एमके स्टालिन ने बताया कि शराब के लिए जो काढ़ा बनाया गया था उसमें मेथनॉल भी था, जो जहरीला होता है। इसे शराब की सरकारी दुकानों से मिलने वाली बोतलों में भरा गया था।

**लोगों को उल्टी, आंखों में जलन और चक्कर आने की शिकायत हुई थी**

आईजी एन कन्नन ने बताया कि विल्लुपुरम जिले में शराब पीने के बाद लोगों को उल्टी, आंखों में जलन और चक्कर आने की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के संबंध में एक आरोपी अमरन को गिरफ्तार किया गया है और जहरीली शराब जब्त की गई है। उधर, चेंगलपट्टू जिले में एक आरोपी अम्मावसाई को गिरफ्तार किया गया है।

**कुछ आरोपी फरार**

दोनों ही घटनाओं में कुछ आरोपी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं। पीड़ितों ने जो शराब पी उसमें कथित तौर पर एथेनॉल-मेथनॉल और अन्य केमिकल मिक्चर का यूज हुआ है। इसका इस्तेमाल फैक्ट्री में होता है। नकली शराब के मामले में ड्यूटी नहीं करने पर दोनों जिलों से तीन इंस्पेक्टर और चार सब इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। राज्य में जहरीली शराब पीने से हुई मौते के बाद विपक्षी नेता के पलानीस्वामी ने स्टालिन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में अवैध शराब की बढ़ती उपलब्धता पर विधानसभा में मैंने बात की थी। हालांकि, सरकार ने इसपर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस मामले पर उचित कार्रवाई की होती तो ऐसी घटनाओं को टाला जा सकता था। राज्य में जहरीली शराब पीने से हुई मौत के मामले में पलानीस्वामी ने सीएम स्टालिन को जिम्मेदारा ठहाराया है। उन्होंने कहा, ₹जहरीली शराब के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। वह एक अयोग्य सीएम हैं।₹ इस मामले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने भी सरकार की आलोचना की है।

संक्रमण काल के दौरान अधिसूचित योजनाएं रोजगार प्रदान कर पलायन कम करने में हो रहीं सहायक

## BIOFLOC TECHNIQUE से मछली उत्पादन कर चाईबासा के युवा लिख रहे हैं आत्मनिर्भरता की कहानी

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर संक्रमण काल में प्रारंभ की गई अधिसूचित योजनाएं अब सुखद परिणाम सामने लेकर आ रहीं हैं। इससे एक ओर जहां पलायन कम हुआ है, वहीं युवा अब मछली पालन कर आत्मनिर्भर बन रहें हैं। यही वजह है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2022-23 में करीब 23 हजार टन अधिक मछली का उत्पादन हुआ। साथ ही, मछली उत्पादन के कारोबार से 1.65 लाख किसान एवं मत्स्य पालक जुड़े। संक्रमण काल के दौरान प्रारंभ की गई अधिसूचित योजनाओं का लाभ लाभुकों को देने में चाईबासा जिला प्रशासन आगे रहा। यहां के युवाओं ने भी आगे बढ़कर योजनाओं का लाभ लिया। यहां के युवाओं ने बायोफ्लॉक तकनीक की मदद से जमीन के छोटे भू-भाग पर कम पानी एवं औसत लागत के बाद कोमोनकार-मोनोसेल्स-तेलपियी जैसी प्रजाति की मछली का पालन कर प्रति टैंक चार-पांच क्विंटल उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। पूर्व में बेरोजगारी की वजह से पलायन की मंशा रखने वाले यहां के युवाओं को जिला मत्स्य कार्यालय के तत्वाधान में कोविड-19 आपदा के दौरान अधिसूचित योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत अनुदान पर संचालित तकनीक से प्रोत्साहित कर लाभान्वित किया गया। परिणाम स्वरूप आज सभी अपने क्षेत्र में रहकर बेहतर जीविकोपार्जन कर रहे हैं।



आधुनिक तकनीक से मछली उत्पादन करते उत्पादक

### जलाशयों और खदानों का भी उपयोग कर बन रहे स्वावलंबी

ऐसा नहीं कि चाईबासा में सरकार सिर्फ बायोफ्लॉक विधि से मछली उत्पादन को प्राथमिकता दे रही है। बल्कि यहां के 06 जलाशय और 02 खदान तालाब में भी मछली पालन कर लोग स्वावलंबी बन रहें हैं। इन जलाशयों में सिर्फ मछली पालन ही नहीं होता, अपितु पर्यटन के दृष्टिकोण से मोटर बोट-पेडल बोट मत्स्य जीवी समितियों को दिया गया, ताकि वे केज पद्धति के साथ-साथ पर्यटन से भी अच्छी आमदनी अर्जित कर सकें। जिले के सदर प्रखंड में मोदी जलाशय, चक्रधरपुर प्रखंड में जैनासाई जलाशय, बंदगांव प्रखंड में नकटी जलाशय, सोनुआ प्रखंड में पनसुआ जलाशय, मंझगांव प्रखंड में बेलमा जलाशय, मंझारी प्रखंड में तोरलो जलाशय समेत अन्य जलाशयों में अब स्थानीय लोगों को मछली पालन और पर्यटन से जोड़ा गया है, जो उनकी नियमित आमदनी का जरिया बन गया है।

## THIRD UMPIRE ही तय करेंगे कैच हुआ या DROP

### सॉफ्ट सिग्नल का नियम खत्म

**AGENCY DUBAI :** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सॉफ्ट सिग्नल के नियम को खत्म कर दिया है। यानी अब थर्ड अंपायर ही तय करेगा कि फील्डर ने कैच सही तरह से पकड़ा है या नहीं। साथ ही अब 3 कंडीशंस में फील्डर्स, विकेटकीपर और बैटर्स का हेलमेट पहनना भी जरूरी होगा। इन नियमों की शुरूआत इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच 1 जून से इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले टेस्ट मैच से होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून को होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी नए नियमों का इस्तेमाल होगा।

**सॉफ्ट सिग्नल क्या है?**

मैच के दौरान ग्राउंड अंपायर अगर कोई कैच थर्ड अंपायर के पास रेफर करता था तो उसे सॉफ्ट सिग्नल के जरिए यह बताना होता था कि उसकी अपनी राय क्या है। यानी ग्राउंड अंपायर भले ही कैच को लेकर कन्फ्यूज रहता हो, लेकिन उसे थर्ड अंपायर को यह

### ये किया जाएगा बदलाव

सॉफ्ट सिग्नल हमेशा से क्रिकेट विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय रहा है। सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट कमेटी ने इसे खत्म करने का सुझाव दिया था। अब आईसीसी ने क्रिकेट कमेटी के सुझाव को अमल में लाते हुए सॉफ्ट सिग्नल को खत्म कर दिया है। अब फील्ड अंपायर कैच का रिव्यू लेने के लिए अगर थर्ड अंपायर के पास रेफर करता है तो वह अपना सुझाव नहीं देगा। अब थर्ड अंपायर तकनीक के आधार पर रिव्यू कर खुद फैसला सुनाएगा और थर्ड अंपायर के फैसले को ही सही माना जाएगा।

केंद्रीय मंत्री AMIT SAH ने संसद भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित, कहा

# कानून का अनुवाद करने के बजाय भावानुवाद करें

**AGENCY NEW DELHI**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि विधायी प्रारूपण में स्पष्टता बहुत जरूरी है। विधायी प्रारूपण एक कौशल है। इसके कोई स्थायी नियम नहीं है। यह हमारे लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अंग है। ऐसे में विधायी प्रारूपण तैयार करने वाले लोगों को समय-समय प्रशिक्षित करते रहना चाहिए।

शाह ने सोमवार को संसद भवन परिसर में संवैधानिक और संसदीय अध्ययन संस्थान की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधायी प्रारूपण के सिद्धांतों और प्रथाओं की समझ संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों, वैधानिक निकायों और अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों को होनी चाहिए। जो भी इन संस्थानों में विधायी प्रारूपण तैयार करते हैं उन्हें ध्यान देना चाहिए की वह किसी भी कानून का अनुवाद करने के बजाय भावानुवाद करें। जिससे मूल बात बदलने न पाए। उन्होंने कहा कि विधायी ड्राफ्टमैन को भाषा पर पकड़ होना चाहिए और मुद्दे को सरल भाषा में लिखने की कला आनी चाहिए।


कार्यक्रम को सांबोधित करते केंद्रीय मंत्री अमित शाह व उपस्थित लोग।

उल्लेखनीय है कि शाह ने यहां विधायी प्रारूपण पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन संवैधानिक और संसदीय अध्ययन संस्थान (आईसीपीएस) की ओर से लोकतंत्र के लिए संसदीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्यों, केन्द्रीय मंत्रालयों आदि के विधायी प्रारूप से जुड़े अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों, वैधानिक निकायों और अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों के बीच विधायी प्रारूपण के सिद्धांतों और प्रथाओं की समझ पैदा करना है।

## मणिपुर में शांति की पुनर्स्थापना के साथ नष्ट किए गए मंदिरों का पुनर्निर्माण जरूरी : मिलिंद परांडे

**AGENCY NEW DELHI**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मणिपुर में मेतेई समाज और उसके पूजा स्थलों पर कुकी अतिवादियों द्वारा किए गए भीषण हमलों की आज कड़ी निंदा की है। मणिपुर की पहाड़ियों में तोड़े गए मैतेई समाज के कुछ भव्य मंदिरों की जिलेवार संक्षिप्त सूची जारी करते हुए विहिप के राष्ट्रीय महासचिव मिलिंद परांडे ने आज कहा कि हम पहले से ही प्रभावित लोगों की सेवा कर रहे हैं, अब हिंदू समाज को चाहिए इन मंदिरों के पुनर्निर्माण के लिए आगे आए।

उन्होंने क्षेत्र में शांति की अपील करते हुए झूठी कहानी फैलाने वालों को चेतावनी दी, जो यह दुष्प्रचार कर रहे हैं कि केवल चर्चों पर हमला किया गया।

नष्ट किए गए 11 बड़े मंदिरों की जारी सूची, जिसमें तेंगौपाल और मोरे के 4 मंदिर, तिपाईमुख (चूरचानपुर) के तीन और चिंगोई चिंग (इंफाल पूर्व) के चार मंदिर शामिल हैं, संपूर्ण नहीं है। इनके अलावा भी बहुत सारे मंदिर हिंसा की भेंट चढ़े हैं।

परांडे ने यह भी कहा कि दो समुदायों के बीच हुई दुर्भाग्यपूर्ण झड़पों के दौरान कई राजकीय संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। अब हिंदू समाज को क्षतिग्रस्त/खंडित मंदिरों के पुनर्निर्माण के लिए आगे आने की जरूरत है। विहिप ने अपील की कि शांति और संयम बरता जाए और देश विरोधी तथा समाज विरोधी तत्वों पर लगाम लगाई जाए। क्षेत्र में शांति भंग करने की कोशिश करने वाले तत्वों और संगठनों को नियंत्रित किया जाना चाहिए।

## कामगारों को मिले न्यूनतम मजदूरी, योग्य लोगों तक पहुंचे सरकारी योजना : SATYANAND BHOKTA

**PHOTON NEWS RAMGARH**

रामगढ़ के मजदूरों और कामगारों को न्यूनतम मजदूरी दिलाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। यहां कारखानों में काम कर रहे लोग उचित मानदेय पा रहे हैं कि नहीं, इसकी भी जांच होनी चाहिए। यह बातें सोमवार को रामगढ़ में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति के बैठक में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कही। बैठक में मांडू विधायक जेपी पटेल, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, डीसी माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य 20 सूत्री सदस्य उपस्थित थे।

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राज्य सरकार लगातार राज्य के विकास के लिए कार्य कर रही है। गरीब, जरूरतमंद तथा योग्य लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं।

बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू ने सभी को पूर्व में हुई 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की विभागवार जानकारी दी। इस दौरान मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा कर सभी अधिकारियों को सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने एवं आम जनों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करते हुए योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा प्राप्त आवंटन को ससमय खर्च करने का निर्देश भी दिया।


मंत्री सत्यानंद भोक्ता व विधायक जेपी पटेल। ● द फोटोन न्यूज

रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न कारखानों में कार्य कर रहे मजदूरों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उन्हें अनिवार्य रूप से न्यूनतम मजदूरी उपलब्ध कराना, सुनिश्चित करने को लेकर मंत्री ने श्रम अधीक्षक से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। वहीं उन्होंने श्रम अधीक्षक को नियमित रूप से कारखानों की जांच करने का दिशा-निदेर्शों दिए। मंत्री ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की।

बैठक के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सभी के समक्ष रखते हुए उनके जल्द निराकरण की मांग की। जिस पर मंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को विशेष ध्यान देते हुए जल्द से जल्द समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया गया। मांडू विधायक पटेल द्वारा भी उनके क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं में खराबी की बात कही गई। जिस पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश मंत्री ने दिया। जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में मंत्री ने सभी योग्य लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ देने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने ससमय आवास निर्माण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए मंत्री ने योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक आज

**PHOTON NEWS RANCHI**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में पार्टी की एक दिवसीय कार्यसमिति की बैठक महिलौंग सरला बिरला स्कूल परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित है। यह जानकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री, मुख्यालय प्रभारी एवं महासंपर्क अभियान के संयोजक डॉ प्रदीप वर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई, विधायक दल के नेता मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का सांगठनिक विस्तार सहित आगामी महासंपर्क अभियान के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में मार्गदर्शन करने के लिए महासंपर्क अभियान केंद्रीय टोली की सदस्या पूर्व सांसद एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री सरोज पांडेय भी पधार रही हैं। डॉ वर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र 10.30 बजे पूर्वाह्न आयोजित है और समारोह अपराह्न चार बजे होगा। प्रतिनिधियों के पंजीकरण नौ बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होंगे।


सांसद दीपक प्रकाश की फाईल फोटो।

उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, कोर कमिटी सदस्य, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,विशेष आमंत्रित सदस्य, सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठ, विभाग के संयोजक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, महासंपर्क अभियान के लिए प्रदेश टोली के सदस्य, जिलों में गठित महासंपर्क अभियान के संयोजक, सह संयोजक गण की उपस्थिति अपेक्षित है।

जनसंघर्ष यात्रा के समापन पर पायलट ने जनसभा को किया संबोधित

## SACHIN PILOT की अपनी ही सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी, रखीं तीन मांगें

**AGENCY JAIPUR**

पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने सोमवार को अपनी ही सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सरकार के सामने तीन मांगे रखीं और कहा कि इस महीने के आखिर तक यदि ये मांगें नहीं मानी गईं, तो पूरे प्रदेश में हम आंदोलन करेंगे।

पांच दिन की जनसंघर्ष यात्रा के समापन पर जयपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए पायलट ने तीन मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि मेरी पहली मांग है कि भ्रष्टाचार की जननी राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) को भंग करके इसका पुनर्गठन किया जाए। चेयरमैन और सदस्यों के चयन के लिए नए कानून और मापदंड बने और पारदर्शिता से लोगों का चयन हो। दूसरी मांग में कहा गया है कि पेपर लीक होने से प्रत्येक बच्चे को उसका पूरा मुआवजा मिलना चाहिए। तीसरी मांग में कहा गया है कि वसुंधरा के खिलाफ लगाए गए आरोपों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।



जनसभा को संबोधित करते सचिन पायलट।

उन्होंने कहा कि आज 15 मई को जन संघर्ष यात्रा समाप्त हो रही है। अगर इस महीने के आखिर तक यह तीनों मांगे नहीं मानी गई, तो मैं आप लोगों को बताना चाहता हूं कि अभी तक मैंने गांधीवादी तरीके से अनशन किया है। जनसंदेश यात्रा की है, लेकिन महीने के आखिरी तक कार्यवाही न होने पर पूरे प्रदेश में आप लोगों के साथ आंदोलन करूंगा।

पायलट ने कहा कि गांव-ढाणी, शहरों में बड़ा आंदोलन होगा। न्याय करवाएंगे। हम लोगों के पास कुछ नहीं है। हम तो पैर में जूता डालकर निकल पड़े थे। गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि हम बिना पद के गाली खा-खाकर संगठन के लिए काम कर रहे हैं और आप सत्ता में बैठकर मलाई खा रहे हो। लोग यह सुन लें कि मुझे किसी सीमा में न बांधें, मैं किसी एक धर्म या समाज का नहीं हूं। मैं 36 कौम का बेटा हूं। राजस्थान का बेटा हूं। पायलट ने कहा कि मैं किसी पद पर रहूं या न रहूं। राजस्थान की जनता की सेवा करता रहूंगा। डरने वाला नहीं हूं, दबने वाला नहीं हूं। आपके लिए लड़ा हूं और लड़कर रहूंगा।

## अपराधियों को छोड़ रामगढ़ पुलिस नेताओं को बना रही निशाना : आजसू

**PHOTON NEWS RAMGARH**

जिले में पिछले पांच महीनों से अपराध का ग्राफ काफी बढ़ गया है। आजसू पार्टी जब भी पुलिस प्रशासन की नाकामियों को उजागर करती है तब पुलिस प्रशासन अपराधियों को छोड़कर नेताओं को ही अपना निशाना बनाने लगती है। यह बातें सोमवार को आजसू पार्टी के वरीय नेता रोशन लाल चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोशन लाल चौधरी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

जिला कार्यालय में उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि अपराधियों से बेखबर प्रशासन सिर्फ आजसू के नेताओं पर अपना जोर दिखा रही है। लेकिन आजसू भी झुकने वाला नहीं है। पार्टी भी आंदोलन करने के लिए तैयार है। रोशन चौधरी ने कहा कि रामगढ़ में चोरी डकैती लूट हत्या जैसे संगीन अपराध हो रहे हैं। पुलिस अपराधियों को पकड़ने में विफल रहती है तो आम जनता पर जोर आजमाइश करती है। हेलमेट चेकिंग के नाम पर सुभाष चौक, बाजार टांड़ और शहर के अन्य स्थानों पर नागरिकों को रोककर प्रताड़ित करना शुरू करती है। शहर में लोग अपने जरूरी काम के लिए निकलते हैं और उन्हें वाहन जांच के नाम पर घंटों परेशान किया जाता है। अगर वाकई जांच अभियान चलाना है तो वे हाईवे पर चलाएं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि जिला प्रशासन के गलत रवैया का विरोध आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, वरीय नेता धर्मेंद्र साहू भोपाली और कार्यकताओं ने किया था। उन लोगों ने यह कहा था कि अगर वारदातों का उद्भेदन नहीं होता है तो वे हेलमेट चेकिंग के नाम पर जनता को भी परेशान नहीं होने देंगे। लेकिन पुलिस ने आंदोलन करने वाले नेताओं के खिलाफ ही मारपीट, लूट और अन्य कई झूठे आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज करा दी। इस मामले को लेकर पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो के नेतृत्व में राज्य के डीजीपी को ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि सच सामने आ सके।

CM एन बीरेन सिंह ने कुकी बहुल जिलों के लिए अलग प्रशासन की मांग को किया खारिज, कहा

# मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं

**AGENCY NEW DELHI**

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कुकी बहुल जिलों के लिए अलग प्रशासन की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

पूर्वोत्तर राज्य के कुकी बहुल जिलों के लिए अलग प्रशासन के लिये 10 विधायकों की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मणिपुर में बहुसंख्यक मेइती समुदाय और कुकी-जोमी जनजातियों के बीच झड़पें हुई थी, जिसमें कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई थी। राज्य के 07 से 10 विधायकों ने पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में कुकी बहुल जिलों के लिए अलग प्रशासन की मांग की थी। जिसे मुख्यमंत्री सिंह ने खारिज कर दिया है।


मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की फाईल फोटो।

राज्य के हालात की जानकारी देने के लिए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह अपने चार वरिष्ठ मंत्रियों के साथ दिल्ली पहुंचे थे और गृहमंत्री अमित शाह से कल मुलाकात की।

सूत्रों के अनुसार झड़पों के बाद हुए राजनीतिक घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने सिंह को दिल्ली बुलाया था। राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की मांग तेज हो रही है। खासकर कुकी विधायक और समुदाय इसकी मांग कर रहा है। पार्टी नेतृत्व ने अभी तक इस मामले पर कोई फैसला नहीं किया है।

वहीं सिंह ने सोमवार को कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि सेना और राज्य पुलिस के साथ एक संयुक्त निगरानी समिति संयुक्त रूप से हिंसा प्रभावित राज्य में राहत शिविरों का निरीक्षण करेगी और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर को सभी आवश्यक मदद देने और मौजूदा स्थिति का आकलन करने का वादा किया है।

## BRIEF NEWS

### कर्नाटक विभानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर भाकपा माले नेताओं ने दी बधाई



बैठक में उपस्थित लोग। ● द फोटोन न्यूज

**RAMGARH :** भाकपा माले की रविवार को भुरकुंडा में बैठक हुई। बैठक में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर हर्ष जताते हुए जनता के प्रति आभार जताया गया। मौके पर भाकपा माले के वामपंथी युवा नेता सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार व केंद्रीय महासचिव नरेश नायक कांग्रेस की शानदार जीत पर कहा कि यह भाजपा-आरएसएस ताकत की करारी हार है। उन्होंने जीत के लिए राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे और खास तौर पर कर्नाटक की जनता को बधाई देते हुए उनके प्रति आभार जताया है। मौके पर डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि भाजपा के लिए यह एक ट्रेलर है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का पूरे देश से सूपड़ा साफ होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। महागठबंधन की सरकार बनेगी। कांग्रेस की जीत पर देवनारायण कोल, केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, सीताराम सिंह, राजेश पासवान, प्रतिभा पटेल, सुरेंद्र राम, श्याम महतो, मधु बाउरी आदि ने हर्ष जताते हुए कर्नाटक की जनता को बधाई दी है।

### सीएम ने वीर शहीद चानकु महतो को दी श्रद्धांजलि

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हूल विद्रोह के महान क्रांति वीर शहीद चानकु महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद चानकु महतो ने अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ गांव-गांव घूमकर युवाओं को जागरूक और एकजुट कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व क्षमता से अंग्रेजों की जड़े हिला दी थीं। उन्हें शत-शत नमन। झारखण्ड के वीर शहीद अमर रहें!

### ईडी ने राकांपा नेता जयंत पाटिल को फिर भेजा नोटिस, 22 मई को उपस्थित होने का दिया निर्देश

**MUMBAI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल को 'आईएल एंड एफएस' मामले में पूछताछ के लिए फिर से नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में ईडी ने जयंत पाटिल को 22 मई को पूछताछ के लिए उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इससे पहले ईडी ने जयंत पाटिल को नोटिस जारी किया था। उस समय जयंत पाटिल ने ईडी के पास पत्र लिखकर समय देने की मांग की थी। इसी पत्र की वजह से ईडी ने जयंत पाटिल को अब 22 मई को पूछताछ के लिए बुलाया है। बताया जा रहा है कि 'आईएल एंड एफएस' मामले की कुछ आरोपित कंपनियों ने जयंत पाटिल से जुड़े कुछ संगठनों को कमीशन के पैसे दिए हैं। ईडी इन्हीं लेन-देन के बारे में पाटिल से पूछताछ करने वाली है और उनका बयान रिकार्ड करने वाली है। उल्लेखनीय है कि 'आईएल एंड एफएस' के वित्तीय लेन-देन में बड़े पैमाने पर अनियमितता के आरोप हैं और कंपनी को दिवालिया घोषित किया जा चुका है। इससे पहले इस मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे को नोटिस भेजा गया था। इस मामले में अरुण कुमार साहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, जिससे कई नाम सामने आए थे, इसमें जयंत पाटिल का नाम भी है।

### पंजाब: कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मानहानि केस में समन

**CHANDIGARH :** कर्नाटक चुनाव में बजरंग दल को लेकर बयानबाजी पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुश्किल में फंस गए हैं। पंजाब के संगरूर कोर्ट ने उन्हें 100 करोड़ के मानहानि केस में समन जारी कर दिया है। संगरूर की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रमनदीप कौर की कोर्ट ने खड़गे को 10 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। हिंदू सुरक्षा परिषद बजरंग दल हिंद के फाउंडर हितेश भारद्वाज ने कोर्ट में दायर पिटीशन में कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने बजरंग दल की तुलना देश विरोधी ताकतों से की। हितेश के मुताबिक खड़गे ने कहा था कि जब भी कांग्रेस की सरकार आती है तो बजरंग दल और इस जैसे दूसरे देश विरोधी संगठन समाज में नफरत फैलाते हैं। पिटीशन कर्ता ने इसे बजरंग दल के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करार दिया।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाएंगे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे

**NEW DELHI :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि कर्नाटक का मुख्यमंत्री कौन होगा यह फैसला पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। सुरजेवाला ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि रविवार को वहां (कर्नाटक) दो प्रस्ताव पास किए गए थे। पहला धन्यवाद प्रस्ताव था और दूसरा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पार्टी विधायकों ने अधिकृति किया था कि वह कांग्रेस के विधायक दल के अगले नेता का चयन करें। सुरजेवाला ने कहा कि पार्टी की ओर से भेजे गए पर्यवेक्षक वहां सभी से चर्चा कर दिल्ली लौट आए हैं। वह अपनी रिपोर्ट आज रात तक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप देंगे। उसके बाद पार्टी अध्यक्ष फैसला लेंगे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुशील कुमार शिंदे, पार्टी महासचिव के.सी वेणुगोपाल, कांग्रेस पर्यवेक्षक भंवर जितेंद्र सिंह और दीपक बावरिया दिल्ली पहुंच गए हैं। तीनों पर्यवेक्षक ने रविवार को बेंगलुरु में पार्टी विधायकों से लंबी बातचीत की थी। आज वह पार्टी अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। कांग्रेस के पर्यवेक्षक भवर जितेंद्र सिंह ने दिल्ली निकलने से पहले दिए एक बयान में कहा कि सभी विधायकों से राय ली गई है, हम दिल्ली जा रहे हैं, रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को देंगे।

### जी-20 की दूसरी संस्कृति समूह की बैठक भुवनेश्वर में शुरू


**BHUBANESWAR :** जी-20 की दूसरी संस्कृति समूह की बैठक में प्रतिनिधि स्तरीय चर्चा आज से भुवनेश्वर में शुरू हो गई । केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय उदघाटन सत्र में उपस्थित रहे। सोमवार को प्रतिनिधियों की बैठक में जी किशन रेड्डी ने कहा कि वैश्विक नीति निर्धारण में संस्कृति की प्रमुख भूमिका रहती है। संस्कृति के पास वर्तमान के चुनौतियों के समाधान के लिए समावेशी व चिरस्थायी समाधान होता है। रेड्डी ने कहा कि जी-20 की दूसरी संस्कृति समूह प्रतिनिधियों में आपसी संवाद को बढ़ावा देने तथा मिलजुल कर काम करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगा। उन्होंने कहा कि सभी देशों के अनोखे सांस्कृतिक संदर्भों पर पूरा ध्यान देते हुए सांस्कृतिक संवाद, साझा शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा सदस्यों में सहयोग को बढावा देने के लिए हम कृतसंकल्प हैं। मंत्री रेड्डी ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम का प्राचीन भारतीय दर्शन विश्व को एक परिवार के रूप में रहने की अवधारणा पर जोर देती है। संस्कृति, मजहब, भाषा भिन्न-भिन्न होने पर भी हम सभी एक वैश्विक परिवार के सदस्य हैं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर जोर देते हुए रेड्ड़ी ने कहा कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देकर, सांस्कृतिक विरासतों की रक्षा कर तथा सामुदायिक विकास का कार्य कर हम चिरस्थायी विकास कर सकते हैं। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भारत को जी-20 अध्यक्षता मिलने के समय का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत को इसकी अध्यक्षता ऐसे समय पर मिली है, जब देश अमृतकाल में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का केवल एक विश्व का विजन है, न कि प्रथम विश्व या तृतीय विश्व का।

BRIEF NEWS

## चोरी के छह मोटर पंपों के साथ तीन गिरफ्तार

**RANCHI :** बेड़ो थाना पुलिस ने चोरी के छह मोटर पंप के साथ तीन चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में गुमला के भरनो निवासी रवि कुमार, बेड़ो निवासी मो कलाम और मो नदीम शामिल है। इनके पास से चोरी का छह मोटर पंप और चोरी का एक बाइक बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बेड़ो स्थित विनय बगीचा के समीप सिंचाई के लिए लगाये गये मोटर पंप चोरी किया जा रहा है। सूचना मिलते ही डीएसपी रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को चोरी के मोटर पंप के साथ गिरफ्तार किया। इसके निशानदेही पर दो अन्य मोटर पंप चोर को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी के पांच मोटर पंप बरामद किया गया।

## झारखंड को आज मिल सकती है गर्मी से राहत बरसात का पूर्वानुमान



**RANCHI :** झारखंड को झुलसा देने वाली गर्मी और लू के थपेड़ों से 16 मई से कुछ दिन तक राहत मिल सकती है। इस समय राज्य के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। पंखे और कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे। रांची मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि 16 मई से 19 मई तक झारखंड सहित आसपास के राज्यों में बारिश होने की संभावना है। मेघ गर्जना भी हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। तेज हवा भी चल सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ते ट्रफ के कारण झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश होने के आसार हैं। इस समय गोड्डा का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है। डाल्टेनगंज सर्वाधिक गर्म शहरों की सूची में शामिल है।

## झारखंड में होगा राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप

**RANCHI :** ईस्ट इंडिया में पहली बार झारखंड प्रदेश को रोड स्पीड स्केटिंग का चौथा नेशनल रैंकिंग चैंपियनशिप आयोजित करने के लिण चयनित किया गया है। यह राष्ट्रीय आयोजन खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होटवार स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में सुभारंभ तथा इसके के समीप रोड पर खेल का आयोजन आगामी एक से पांच जून के बीच होगा। होटवार स्थिर खेलगांव में अंतर्राष्ट्रीय मानक का बेंड ट्रैक, स्केटिंग रिंक, रोलर एंड इन लाइन हॉकी रिंक एवं स्केट बोर्ड स्टेडियम राज्य सरकार के द्वारा करोड़ों की लागत से तैयार किया जा रहा है। इस स्केटिंग के नेशनल स्तर के आयोजन में पूरे हिंदुस्तान के 28 राज्यों एवं 8 केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 1200 खिलाडियों की भागीदारी होगी। प्रस्तावित खेलों में क्वाड एवं इन लाइन की प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बालक एवं बालिका (5-7 ,7-9, 9-11, 11-14, 14-17 एवं 17 आयु वर्ग ) भाग लेंगे। साथ ही 35 आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला मास्टर्स भी भाग लेंगे। खिलाड़ियों को रहने, खाने और आने- जाने की व्यवस्था अपने स्तर पर करना होगा। हालांकि फेडरेशन खेलगांव के तीन किलोमीटर के इर्द-गिर्द रहने- खाने की व्यवस्था की कोशिश कर रहा है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# ATS ने भोला पांडे गिरोह के दो गुर्गों को किया गिरफ्तार

**इनके पास से एक छह चक्रीय रिवाल्वर, 50 चक्र जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, दो लाख 40 हजार नकद, आठ मोबाइल फोन और और दो पेन ड्राइव बरामद।**



एटीएस की गिरफ्त में अपराधी • फोटोन न्यूज



अपराधियों के पास से जब्त हथियार, पेन ड्राइव व अन्य। • फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI**

आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर में छिपकर रह रहे कुख्यात भोला पांडे गिरोह के दो गुर्गे को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सुभाष कुमार सिंह उर्फ बाघा (29) और इरफान उर्फ छोटू (23) शामिल हैं। इनके पास से एक छह चक्रीय रिवाल्वर, 50 चक्र जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, दो लाख 40 चालीस हजार नकद, आठ मोबाइल फोन और और दो पेन ड्राइव सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

एटीएस के एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने सोमवार को बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से झारखंड राज्य में संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इन गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्त्रोतों, हवाला चैनल और इनके द्वारा अपराध से अर्जित की हुए संपत्ति का पता लगाने को कहा गया है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुख्यात भोला पाण्डेय गिरोह के 02 गुर्गे पुन्दाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर में छुपकर रह रहे हैं। दोनों फायरिंग, हत्या एवं रंगदारी के कई मामलों में वांछित हैं। सूचना पर एटीएस टीम ने छापेमारी कर दोनों अपराधियों को पुंदाग थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक भाड़े के घर से गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि ये दोनों बड़कागांव विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाउरी उर्फ बिदका बाउरी की हत्या के वांछित आरोपित हैं, जिसका अनुसंधान एटीएस की ओर से किया जा रहा है।

## रांची एसएसपी ने सात इंस्पेक्टरों को किया विरमित

**CRIME REPORTER RANCHI**

रांची जिले के सात इंस्पेक्टर्स (पुलिस निरीक्षक) को एसएसपी किशोर कौशल ने विरमित किया है। बता दें कि इन सभी इंस्पेक्टर का तबादला पिछले दिनों हुआ था। इन इंस्पेक्टर्स में राजीव रंजन लाल, अहमद अली, रमेश कुमार सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, सपन कुमार महथा, राजीव कुमार और नवल किशोर प्रसाद शामिल हैं।

**राज्य पुलिस स्थापना पर्षद की बैठक :** एसएसपी द्वारा बताया गया कि पुलिस उप महानिरीक्षक (कार्मिक) के कार्यालय आदेश के आलोक में 25 अप्रैल, 2023 को राज्य पुलिस स्थापना पर्षद की बैठक आयोजित हुई थी।

इस बैठक में रांची जिलाबल में पदस्थापित सात इंस्पेक्टर को स्थानांतरित करते हुए विभिन्न थानों में पदस्थापित किया गया था। इसी आलोक में इन सात इंस्पेक्टर को एक मई, 2023 से विरमित करने का आदेश दिया गया।

### जानें कौन कहां गये

| नाम | वर्तमान पदस्थापन | स्थानांतरिक जिला/इकाई |
|---|---|---|
| राजीव रंजन लाल | रांची जिलाबल | चाईबासा जिलाबल, पश्चिमी सिंहभूम |
| अहमद अली | रांची जिलाबल | अप0अनु0 विभाग, रांची |
| रमेश कुमार सिंह | रांची जिलाबल | सीटीसी, मुसाबनी, पूर्वी सिंहभूम |
| राजेश कुमार सिन्हा | रांची जिलाबल | अप0अनु0 विभाग, रांची |
| सपन कुमार महथा | रांची जिलाबल | गोड्डा जिलाबल |
| राजीव कुमार | रांची जिलाबल | देवघर जिलाबल |
| नवल किशोर प्रसाद | रांची जिलाबल | अप0अनु0 विभाग, रांची। |

## 31 जुलाई तक वाटर मीटर नहीं लगवाया तो देना होगा फाइन

**SPECIAL REPORTER RANCHI**




रांची नगर निगम ने ऐसे लोगों को चेतावनी दी है, जिन्होंने वाटर कनेक्शन तो ले लिया है, लेकिन मीटर नहीं लगा रखा है।

अपर नगर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने भवन मालिकों से कहा है कि वे स्वेच्छा से 31 जुलाई तक अपने घर में वाटर मीटर लगा लें। ऐसा नहीं करने पर वाटर कनेक्शन को अवैध घोषित करते हुए जुमार्ना वसूला जाएगा। 31 जुलाई तक हर उपभोक्ता को कंज्यूमर नंबर के साथ मीटर का फोटो व्हाट्सएप नंबर 6206799753 पर भेजना होगा। इसके बाद बिल वाटर मीटर के आधार पर ही जनरेट किया जाएगा। रांची नगर निगम क्षेत्र में 21 हजार मकान ऐसे हैं, जिन्होंने निगम से वैध वाटर कनेक्शन तो लिया है, लेकिन उनके घर पर वाटर मीटर नहीं लगा है। ऐसे लोग एवरेज बिलिंग के नाम पर हर माह पानी के बिल का भुगतान करते हैं। इस वजह से नगर निगम को पता लगाने में कठिनाई होती है कि आखिर इन लाभुकों द्वारा कितनी पानी की खपत प्रतिमाह की जा रही है। इसे देखते हुए सभी वाटर कनेक्शनधारियों को मीटर लगाने का आदेश जारी किया गया है।

## कांटाटोली के पास ब्राउन शुगर बेचने वाली महिला को पुलिस ने पकड़ा

**CRIME REPORTER RANCHI**

झारखंड की राजधानी रांची में नशे का कारोबार करने वाली एक महिला को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा है। उसे कांटाटोली के पास स्थित यूएनआई हाइट्स बिल्डिंग से पकड़ा गया है। इस बिल्डिंग में सातवें तल्ले पर रहने वाली अस्मिना परवीन नामक महिला को पुलिस ने ब्राउन शुगर बेचते रंगे हाथ पकड़ा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**अस्मिना को रंगे हाथ पकड़ने के लिए महिला समिति ने बनायी ये योजना :** अस्मिना परवीन के बारे में लोगों को सूचना मिली थी कि वह ब्राउन शुगर का कारोबार करती है। इसकी वजह से कई लोग बर्बाद हो रहे हैं। ऐसे में नशे का कारोबार करने वाली इस महिला को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनी। महिला समिति और कुछ स्थानीय लोगों ने उसकी करतूत को लोगों के सामने लाने की ठानी।



इसी बिल्डिंग से महिला को गिरफ्तार किया गया। • फोटोन न्यूज



गिरफ्तार महिला को देखने के लिए लोगों की भीड़। • फोटोन न्यूज

**1000 रुपये देकर दो लड़कों को ब्राउन शुगर खरीदने भेजा :** महिला समिति ने वहीं के दो लड़कों को 1,000 रुपये देकर ब्राउन शुगर खरीदने के लिए भेजा। दोनों युवक अस्मिना परवीन के पास ब्राउन शुगर खरीदने के लिए गये। जैसे ही अस्मिना ने पैसे लेकर उन्हें ब्राउन शुगर दिया, स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**सड़क पर लग गयी भीड़, काफी देर तक हुआ हंगामा :** काफी संख्या में लोग सड़क पर आ गये। काफी देर तक हंगामा हुआ। महिला समिति की ओर से पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। साइबर डीएसपी यशोधरा को जांच के लिए भेजा गया। लोअर बाजार की पुलिस भी पहुंची। महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**पलामू में है परवीन का मायका, गुदड़ी चौक के पास ससुराल :** बता दें कि कांटाटोली से पहले मंगल टावर के पास ही यूएनआई हाइट्स बिल्डिंग है। इसी बिल्डिंग के सातवें तल्ला पर अस्मिना परवीन रहती है। उसका मायके पलामू जिला में है, जबकि ससुराल रांची के गुदड़ी चौक के पास है।

## आपराधिक घटनाओं के साथ-साथ साइबर क्राइम रोकना बेहद जरूरी : DGP

**CRIME REPORTER RANCHI**

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के साथ-साथ साइबर क्राइम को रोकना बेहद जरूरी है। अब साइबर क्राइम के जरिए वाट्सएप कॉल कर रंगदारी मांगी जा रही है। ऐसे मामलों के अनुसंधान के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



पुलिसकर्मियों को संबोधित करते डीजीपी • फोटोन न्यूज



मीटिंग में शामिल पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

डीजीपी सोमवार को होटवार स्थित पुलिस अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में छह साइबर थाने के सहयोग से साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार से छह साइबर थाने और खोलने का अनुरोध किया गया है। जिससे पूरी तरह से साइबर अपराध पर लगाम लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से पुलिस पदाधिकारियों को बहुत सी जानकारियां दी जा रही हैं। इससे उन्हें साइबर मामले से जुड़े केस में काफी मदद मिलेगी। साथ ही साइबर से जुड़े केस का त्वरित गति से समाधान हो सकेगा।

मौके पर डीजी सीआईडी ने बताया कि झारखंड में साइबर अपराध की रोकथाम और केस के बेहतर अनुसंधान के लिए पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसे लेकर झारखंड सीआईडी की ओर से भारतीय साइबर समन्वय केंद्र और उत्तराखंड पुलिस के सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम तीन भागों में आयोजित किया गया है। ट्रेनिंग प्रोग्राम में सीआईडी ने टूल्स एंड टेक्नोलॉजी पर इंट्रोडक्टरी सेशन दिया। इसमें विभिन्न तकनीकों जैसे ईमेल हैडर, मोबाइल फोन प्रौद्योगिकियों, सीडीआर आईपीडीआर विश्लेषण और वायरशार्क जैसे एडवांस टूल्स के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे भाग में जितेंदर सिंह और रूसी मेहता ने 14 सी के बारे में जानकारी दी। दोनों ने एडवांस ट्रेनिंग, नवीनतम साइबर अपराध की प्रवृत्ति, क्रिप्टोकरेंसी और चीनी ऋण देने वाले एप्स के बारे में बताया। कार्यक्रम के तीसरे भाग में उत्तराखंड साइबर डीएसपी अंकुश मिश्रा ने ट्रेनिंग दी। जहां वो डिजिटल साइबर जांच से संबंधित कई प्रकार की जानकारी पुलिस अफसरों को दिये।

सीआईडी एसपी एस कार्तिक ने बताया कि साइबर अपराधी नये-नये तरीके से साइबर अपराध कर रहे है। इसे देखते हुए पुलिस पदाधिकारियों को तकनीक की पूरी जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण से साइबर अपराध से जुड़े मामलों में पुलिस पदाधिकारियों को अनुसंधान में लाभ होगा। प्रशिक्षण में 46 पुलिसकर्मी को ट्रेनिंग दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 12 मई से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण 16 मई तक चलेगा।

CITY BRIEF

### आईपीएस डॉ एम तमिलवानन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

**RANCHI :** झारखंड 2008 बैच के तेजतर्रार आईपीएस डॉ एम तमिलवानन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। इस संबंध में केंद्र सरकार के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि डॉ एम तमिलवानन की प्रतिनियुक्ति हैदराबाद के वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) में उप निदेशक के रूप में की गई है। साथ ही राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि डॉ एम तमिलवनन को तुरंत कार्यमुक्त करें, ताकि वे केंद्र में अपना नया कार्यभार ग्रहण कर सकें। वर्तमान में डॉ एम तमिलवानन सीआईडी के डीआईजी के पद पर पदस्थापित है।

### डीसी और एसएसपी ने डॉ करमा उरांव को दी श्रद्धांजलि

**RANCHI :** रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने डॉ करमा उरांव के न्यू मोरहाबादी आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दोनों अधिकारी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से डॉ करमा उरांव के आवास गए थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दिल्ली प्रवास पर हैं। डॉ. उरांव के निधन की खबर सुनते ही मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना में कहा कि महान शिक्षाविद तथा आदिवासी उत्थान के प्रति हमेशा सजग रहने और चिंतन करने वाले डॉ करमा उरांव के निधन का दुःखद समाचार मिला। डॉ उरांव से कई विषयों पर मार्गदर्शन मिलता था। उनके निधन से आज मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### अधिवक्ता सत्येंद्र और ऋषिकेश ने बदतमीजी कर रहे क्लाइंट की कर दी धुनाई

**RANCHI :** रांची सिविल कोर्ट में क्लाइंट और वकील के बीच भिड़ंत हो गई। दरअसल सिविल कोर्ट के बार भवन के पीछे शेड में बैठने वाले अधिवक्ता अनिल कुमार के पास एक केस के सिलसिले में उनका क्लाइंट (मुवक्किल) आये हुए थे। सोमवार को केस की तारीख थी। सुनवाई के बाद अधिवक्ता अनिल कुमार के क्लाइंट उन पर दबाव बना रहे थे कि वे केस की लंबी तारीख ले लें। लेकिन अधिवक्ता ने इस पर असमर्थता जाहिर की। जिसके बाद उनका क्लाइंट आक्रोशित हो गया और अधिवक्ता के साथ बदतमीजी करने लगा। वकील के साथ बदतमीजी होता देख अधिवक्ता सत्येंद्र प्रसाद सिंह और ऋषिकेश राय ने अपना केस लड़ने आए व्यक्ति के साथ भिड़ गए। जानकारी के मुताबिक। घटना दिन के करीब 11 बजे की है। मारपीट और हल्ला देखकर अन्य अधिवक्ता बीच बचाव में आए, तब जाकर मामला शांत हुआ।

### कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर हर्ष जताया



**RANCHI :** कोकर जतरा टांड़ में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम के नेतृत्व में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत से देश की जनता और बजरंगबली के आशीर्वाद से चुनाव में कांग्रेस की जीत की खुशी पर कोकर में पटाखे छोड़कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया गया। इसमें मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश और उपाध्यक्ष संतोष महतो, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी प्रखंड अध्यक्ष कौशल (गांधी), सम्राट चटर्जी, सुशांत कुमार, अमित कुमार चौरसिया, मुन्ना कुमार, वशिष्ट लाल पासवान, बसंत कुमार, विजय कुमार राम, जयंत, सोनू कुमार, बिट्टू, सूरज कुमार पासवान, बंटी राज, शिव कुमार पासवान, संजय कुमार राम, विशाल कुमार राम, कृष्ण कुमार सोनी, प्रकाश राम, आर्यन, पेटला, आदि अनूसूचित जाति विभाग के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

खबरें हाईकोर्ट की

# झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ स्कूल प्रबंधन की ओर से बहस पूरी

**SPECIAL REPORTER RANCHI**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यों की पीठ में सोमवार को झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की डबल बेंच में अपील दायर हो सकती है या नहीं, इस विषय को लेकर दाखिल विभिन्न याचिका की सुनवाई हुई।

मामले में प्रतिवादी स्कूल प्रबंधकों की ओर से बहस पूरी हो गई। अब अगली सुनवाई में अपीलार्थियों की ओर से फिर से 12 जून को बहस होगी। इससे पहले छह अप्रैल को सभी अपीलार्थियों की ओर से बहस पूरी हो गई थी। सुनवाई के दौरान एक ही बिंदु पर सुप्रीम कोर्ट के दो जजों जिसमें एक में कहा गया है कि जेट के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की डबल बेंच में अपील होगा और दूसरे में कहा गया है कि अपील नहीं हो सकती है। इस पर डिटेल जजमेंट कोर्ट में अगली सुनवाई में सभी पक्षों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

अपीलकर्ता विवेकानंद विद्या मंदिर रांची के भूतपूर्व शिक्षक मनोरंजन प्रसाद सिन्हा की ओर से खुद पक्ष रखा गया। उनकी ओर से यह अपील कैसे मेंटेनेबल है, इस पर जजमेंट प्रस्तुत किया गया। मामले में एमिकस क्यूरी निपुन बख्शी ने पैरवी की। वही अपीलकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह, अधिवक्ता शुभम सिन्हा और कुमार हर्ष एवं प्रतिवादी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा एवं अजीत कुमार ने पैरवी की।

### जनसेवकों के बढ़े हुए ग्रेड पे भुगतान की रिकवरी के आदेश पर लगाई रोक

**Ranchi :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एस एन पाठक की अदालत में सोमवार को जनसेवकों के बढ़े हुए ग्रेड पे के भुगतान की रिकवरी करने के आदेश पर रोक लगा दी है। रवींद्र कुमार बड़ाईक की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश दिया है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुजित सिंह ने पक्ष रखा। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब भी मांगा है। वर्ष 2012 में 1000 से ज्यादा जनसेवकों की नियुक्ति हुई थी, जिन्हें 2400 रुपये ग्रेड पे का भुगतान किया जा रहा था। लेकिन कृषि निदेशक ने एक आदेश जारी कर ग्रेड पे को दो हजार कर दिया और नियुक्ति की तिथि से अब तक बढ़ी हुई राशि की रिकवरी का आदेश दे दिया। इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

### बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जताई

**Ranchi :** बिहार के बांका स्थित चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के मामले में सोमवार को बिहार सरकार एवं झारखंड सरकार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया गया। बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जताई है। झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को बिहार के बांका स्थित चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस मामले में दोनों सरकारों की ओर से बताया गया कि उनके हिस्से के कैनाल सिस्टम की मरम्मत नहीं हो पाई है, जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा। बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जताई है। झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। याचिकाकर्ता ने बिहार और झारखंड सरकार के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने के लिए कोर्ट से समय मांगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी। पिछली सुनवाई में झारखंड सरकार की ओर से बताया गया था कि झारखंड के हिस्से में आने वाले चंदन डैम के चार कैनाल सिस्टम के रिपेयर का काम इस साल के अंत तक कर दिया जाएगा। बिहार सरकार की ओर से बताया गया था कि उसके हिस्से के कैनाल सिस्टम को रिपेयर कर दिया गया है।

# PALAMU में युवती का सिर मुंडवाकर गावं में घुमाया, चार लोग हिरासत में

PHOTON NEWS PALAMU

पलामू जिले में एक आदिवासी युवती का सिर मुंडवाकर गांव में घुमाने और उसके साथ मारपीट किये जाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस पूर्व पंचायत समिति सदस्य पच्चू राम, वार्ड सदस्य बालेश्वर उरांव एवं कन्हाई उरांव सहित चार को पूछताछ के लिए थाना ले गई है। युवती को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि उसके साथ जो कुछ भी हुआ है, उसके बाद से युवती डरी हुई है और कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है।



डरी-सहमी पेड़ के नीचे बैठी आदिवासी युवती। ● द फोटोन न्यूज

पाटन थाना की पुलिस ने बताया कि रविवार को पंचायत बैठाकर ग्रामीणों ने उसका सिर मुंडवा दिया था।उसके बाद उसे गांव में घुमाया गया था। उसके साथ मारपीट भी की गयी थी। बताया जाता है कि शादी से इनकार करने पर युवती को प्रताड़ित किया गया और जलील करते हुए उसके सिर के बाल मुड़कर, चूना का टिका लगाकर जूते-चप्पल का माला पहनाकर गांव में घुमाया गया और फिर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया। पूरी रात युवती जंगल में रोती रही। सूचना मिलने पर पुलिस ने सक्रियता दिखाई और जंगल से युवती को गंभीर हालत में बरामद किया। युवती को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती किया गया है।

पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के जोगियाही पंचायत क्षेत्र की 25 वर्षीय युवती की शादी गत 19 अप्रैल को होनी थी, लेकिन दरवाजे पर आई बारात के बीच युवती घर से गायब हो गई थी। बारात को वापस लौटना पड़ा था। परिजन समेत गांव वाले इससे काफी गुस्से में थे। इसी बीच युवती ने अपनी भाभी को फोन कर बताया कि वह छतरपुर इलाके में रह रही है। सूचना के तुरंत बाद परिजन छतरपुर पहुंचे और युवती को घर ले आए। दो दिन पहले युवती को घर लाया गया।

एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान युवती ने जानकारी दी कि उसके घर आने के बाद पंचायत हुई। पंचायत में डेढ़ सौ से अधिक लोग जमा थे। यहां भरी पंचायत उसे प्रताड़ित किया गया।

युवती ने बताया कि उसे शादी करने की इच्छा नहीं थी। बावजूद उसके घर वाले शादी कर रहे थे। इसी कारण वह घर से निकल गई थी। पंचायत के दौरान सतेन्द्र उरांव, बलेश्वर उरांव, पच्चू राम ने उसकी पिटाई की, जबकि उसकी चचेरी भाभी गीता देवी ने पंचायत के आदेश पर बाल काटे। पंचायत के दौरान कहा गया कि उसने शादी नहीं कर परिवार के साथ-साथ पूरे गांव की इज्जत ले ली है। ऐसे में उसका इस गांव में रहना उचित नहीं है। कुछ लोग उसकी हत्या कर देने की बात कह रहे थे। अंततः उसे मारते पीटते हुए गांव से बाहर कर दिया गया।

पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता की मौत 8 साल पहले ही हो चुकी है। उसके भाई को टीबी की बीमारी है। बड़ी बहन उसकी शादी करवाना चाहती थी। दो दिन पहले जब घर लौटी उसके चचेरे भाई की अगुवाई में पंचायत बुलाई गई और तुगलुकी फरमान सुनाया गया। फिलहाल पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

## LINKAGE का कोयला अवैध तरीके से जा रहा था मंडी, पुलिस ने पकड़ा ट्रक

PHOTON NEWS RAMGARH

जिले में कोयले के अवैध कारोबारी किसी भी असर से अपना कारोबार चलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। यहां तक कि प्लांट को मिले लिंकेज का कोयला भी अवैध तरीके से मंडियों में भेज दिया जा रहा है। इसका खुलासा मांडू पुलिस ने सोमवार को तब किया जब एक कोयले के ट्रक को उन्होंने जब्त किया।



पुलिस द्वारा जप्त किया गया ट्रक। ● द फोटोन न्यूज

ट्रक को जब मांडू पुलिस ने पकड़ा तो पता चला कि उस पर लदा कोयला कुज्जू क्षेत्र में बने बालाजी प्लांट को आवंटित किया गया था। हजारीबाग के रहने वाले एक मास्टरमाइंड के द्वारा इस अवैध कारोबार को संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने जब दस्तावेजों की जांच की तो कई स्थानों पर गड़बड़ी पाई गई। मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि इस मामले में ट्रक चालक सहदेव राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही आगे की जांच अभी की जा रही है।

### बड़कागांव से हो रही बालू की तस्करी

मांडू पुलिस ने अवैध तरीके से बालू ले जा रहे हैं एक हाईवा को जब्त किया है। मांडू थाना प्रभारी ने बताया कि हाईवा सीएफटी बालू लदा हुआ था। यह बालू बड़कागांव क्षेत्र से लादकर मांडू ने बेचने की योजना थी। इस मामले में हाईवा चालक कृष्णा कुमार को भी गिरफ्तार किया है।

## RAMGARH चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भुरकुंडा रेलवे लाइन पर पनशाला का किया शुभारंभ



पनशाला का फीता काटकर उद्घाटन करते विनय कुमार सिंह व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RAMGARH

रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में भुरकुंडा बाजार स्थित रेलवे लाइन पर सोमवार को पनशाला का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन चैम्बर के पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी विनय कुमार सिंह एवं स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

मौके पर विनय सिंह ने कहा की भुरकुंडा कोयलांचल का मुख्य बाजार है, लेकिन आम नागरिकों के लिए सामूहिक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नगण्य है। इसलिए मानवीय तौर पर यह आम नागरिक को समर्पित है। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए पनशाला का शुभारंभ किया गया है ताकि बाजार आने-जाने वाले राहगिरों व दुकानदारों को शुद्ध और ठंडा पेयजल मिल सके। श्री सिंह ने कहा कि इस पनशाला से व्यवसायियों, आमजनों व राहगिरों को पेयजल में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मानवीय सेवा सबसे बड़ा धर्म है, साथ ही प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है।

मौके पर शिव कुमार यादव, संजय साहू, सुनील कुमार सिंह, धर्मेंद्र यादव, महेंद्र ठाकुर, अशोक कुमार, रंजीत यादव, भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू वर्णवाल, रामकुमार सिंह, राज किशोर प्रसाद, दीपक प्रसाद, कमल पोद्दार, अधिवक्ता रॉकी अग्रवाल सहित दर्जनों दुकानदार व आमजन मौजूद थे।

### आरासाहा में पीवीयूएनएल के विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों की हुई बैठक

## विस्थापित-प्रभावितों को कंपनी बांटने की करती रही है कोशिश, हमें इसे समझने की जरूरत है

PHOTON NEWS RAMGARH

बासल क्षेत्र के आरासाहा में पीवीयूएनएल (पूर्व पीटीपीएस) के विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण महिला-पुरुषो की रविवार को बबैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शिव प्रसाद मुंडा व संचालन लालमोहन मुंडा ने किया। बैठक में रोजगार, स्थायी नौकरी, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत मुआवजा, पुनर्वास तथा सीएसआर के माध्यम से सभी विस्थापित प्रभावित गांवों में विकास के कार्यों पर चर्चा की गई। साथ पीवीयूएनएल प्रबंधन के नीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कहा गया कि कंपनी प्रबंधन का शुरू से ही यहां के विस्थापित-प्रभावितों को बांटने का कोशिश किया जाता रहा है। इसे समझने की जरूरत है। पीवीयूएनएल सिर्फ दस गांव को प्रभावित गांव मानता है। विस्थापित तो किसी को माना ही नहीं जा रहा है। जबकि प्रबंधन को यह मालूम होना चाहिए कि पूर्व के पीटीपीएस को स्थापित करने हेतु कुल 25 गांव की 6500 एकड़ जमीन ली गई है।



बैठक करते विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण। ● द फोटोन न्यूज

पीटीपीएस के लिए ही डैम का भी निर्माण किया गया था। लेकिन यह बहुत ही दुखद है कि डैम से विस्थापित लोगों को पीवीयूएनएल विस्थापित-प्रभावित नहीं मानता है। कहा गया कि प्रबंधन अपने पॉलिसी पर पुनर्विचार करे और सभी गांवों को विस्थापित गांव का दर्जा दे। साथ पीएपी लागू करे। स्थायी नियुक्ति के लिए ठोस नीति बनाए और उसे सार्वजनिक करे।

बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अपने हक-अधिकार के लिए सजग रहते हुए पीवीयूएनएल के हर गतिविधि पर पैनी नजर रखना होगा। अन्यथा हम विस्थापित-प्रभावितों की हक मार दी जायेगी। बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया की यहां के विस्थापित-प्रभावित कई दशकों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत हैं। लेकिन आज पीटीपीएस का अस्तित्व समाप्त हो जाने पर उसके जगह पर आई पीवीयूएनएल कंपनी द्वारा 4000 मेगावाट का विशाल पावर प्लांट निमार्णाधीन है। आने वाले चुनावों में यहां के विस्थापित-प्रभावित तमाम ग्रामीण उसी को अपना वोट देंगे जो हमारी बर्षों से लम्बित समस्याओं का समाधान करवाएगा। इसके लिए सभी मिलकर पूरे क्षेत्र में अभियान चलाएंगे। कहा गया कि हमारा वोट लेकर राज करेंगे और हम लडते रहें, यह अब नहीं चलेगा।

मौके पर कुमेल उरांव, विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद, राजा राम प्रसाद, अब्दुल क्यूम अंसारी, प्रदीप महतो, अलिम अंसारी, कपील मुंडा, अशोक महतो, लक्ष्मीकांत महतो, मुखिया बिजय मुंडा, प्रेम मुंडा, जयकिशोर पाहन, रमीज इकबाल, सत्येन्द्र कुमार, किशोर कुमार, अनिल कुमार, मुकेश सिंह, कुलदीप सिंह, अशोक मुंडा, महेन्द्र महतो, छटू मुंडा, अमिता देवी, बसंती देवी, रामकुमार सिंह, सावित्री देवी, किरण देवी, शकुंतला देवी, मुनकी देवी, झारो देवी, रवि मुंडा, श्रवण मुंडा, संजय मुंडा, राजू, जगमोहन, कार्तिक, अमरनाथ, बालचंद आदि

## हेलो किड्स स्कूल में लगा समर कैंप, बच्चों की खूब की मस्ती

PHOTON NEWS RAMGARH

वर्तमान परिवेश में बच्चों पर शिक्षा का दबाव इस कदर बढ़ गया है कि वह अपने आप को कुंठित महसूस करने लगते हैं। उन्हें तनाव मुक्त कर-के ही उनका मानसिक और शारीरिक विकास किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से रामगढ़ शहर के कैथा में हेलो किड्स रॉबिनहुड स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। सोमवार को इस समर कैंप का पहला दिन था। 7 दिनों तक चलने वाले इस



समर कैंप में मस्ती करते बच्चे। ● द फोटोन न्यूज

समर कैंप में बच्चों को कई अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल किया जाएगा। इस कैंप में 4 से 13 वर्ष तक के लगभग 100 बच्चों ने हिस्सा लिया।

स्कूल की निदेशक वर्षा अग्रवाल ने बताया कि समर कैंप के पहले दिन चार एक्टिविटी कराए गए। इसमें सबसे पहले हर्डल मड ओब्सटेकल रेस कराई गई। इस एक्टिविटी में धूल मिट्टी में सने बच्चे खुद को ज्यादा उत्साहित भी महसूस कर रहे थे। इसके बाद एक्वा योगा, स्पोंज बॉम्ब फाइट और फोम पार्टी विद बॉलीवुड तड़का का भी बच्चों ने आनंद लिया।

उन्होंने बताया कि उनके समर कैंप का लक्ष्य यह है कि बच्चों को पर्यावरण में बदलाव के माध्यम से शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करें। बच्चों को उनकी अनूठी रुचि बढ़ाने में मदद की जा सके। एक्टिविटी में शामिल होकर बच्चों की स्वतंत्रता को सुदृढ़ करना और बच्चों को सशक्त बनाना मुख्य उद्देश्य है। अगर बच्चे एक्टिव होंगे तो वह किसी भी काम को तय समय में करेंगे और उनका संपूर्ण विकास होगा।

### कारो, छाता, चेंगरझोर, बनई, तजना सहित अन्य नदियों का अस्तित्व खतरे में

## खूंटी में बालू की तस्करी पर रोकने में प्रशासन नाकाम

PHOTON NEWS KHUNTI

खूंटी जिले में प्रशासन के कथित प्रयास के बाद भी धड़ल्ले से बालू की लूट जारी है। हर दिन सैकड़ों हाइवा से बालू की तस्करी कर माफिया प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। वैसे प्रशासन और खनन विभाग द्वारा दावा किया जाता है कि रेत की तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद न नदियों से बालू का अवैध उत्खनन रुक रहा है और न ही परिवहन।

बताया जाता है कि खनन विभाग और प्रशासन के बीच समन्वय की कमी का फायदा भी खनन माफिया उठा रहे हैं। प्रकृति ने हमें नदी दी है पानी के लिए, लेकिन रेत माफिया इसे बालू उगाहने का जरिया बना लिया है। सही मायने में बालू के अवैध और अंधाधुंध उत्खनन नदियों के लिए काल बनता जा रहा है।



अवैध उत्खनन कर जमा की गयी बालू। ● द फोटोन न्यूज

खूंटी जिले की कारो, छाता, चेंगरझोर, बनई, तजना सहित अन्य नदियों का अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। रात की बात कौन कहे, दिन के उजाले में ही नदियों का सीना चीरकर बालू माफिया जेसीबी से रेत का उत्खनन कर रहे हैं। इस अवैध कारोबार से जुड़े लोग ही दबी जुबान से स्वीकार करते हैं कि सिर्फ तोरपा क्षेत्र से हर दिन एक सौ से अधिक हाइवा में बालू की ढुलाई होती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बालू माफिया को पुलिस प्रशासन का खुला संरक्षण प्राप्त है। कहा तो यह भी जाता है कि पुलिस के छोटे से बड़े अधिकारी सबका हिस्सा इस अवैध कमाई में रहता है, जो माफिया थाना जाकर चढ़ावा नहीं चढ़ाता, उसके वाहन को जब्त कर लिया जाता है। हां जब ऊपर से कोई आदेश आता है तो, पुलिस, सामान्य प्रशासन और खनन विभाग द्वारा कार्रवाई करने का दिखावा जरूर किया जाता है और कुछ वाहनों को थाने में पकड़कर रख लिया जाता है।

### पर्यावरण संतुलन पर गहरा रहा संकट

रेत का अवेध और अंधाधुंध दोहन से पर्यावरण संतुलन पर संकट लगातार गहराता जा रहा है। कारो, छाता जैसी कभी न सूखने वाली नदियां दिसंबर आते-आते पूरी तरह सूख जा रही हैं। गर्मी के दिनों में नदियों में पानी नहीं रहने के कारण पशु-पक्षी पानी के लिए तरस रहे हैं। आज कारो नदी हो या छाता अथवा बनई सभी नदियों में बालू की जगह अब घास नजर आती है। इसका प्रभाव जलापूर्ति पर भी पड़ रहा है।

### सड़कों की हो रही है दुर्गति

तोरपा, कर्रा, अड़की, मुरहू रनिया आदि क्षेत्रों से हर दिन सैकड़ों बालू लदे हाइवा के परिचालन से सड़कों की दुर्गति हो रही है। तोरपा से टाटी रोड, अम्मापकना रोड सहित अन्य सड़कों की स्थिति ऐसी हो चुकी है कि चार पहिया वाहन छोटे वाहनों की कोन कहे, बाइक और स्कूटी वाले भी उन रास्तों में जाने से कतराते हैं। जिन सड़कों पर हर दिन बालू की ढुलाई होती है, उनकी स्थिति को कभी भी देखा जा सकता है।

### प्रशासन और खनन विभाग कर रहा है कार्रवाई : खनन पदाधिकारी

बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन के संबंध में पूछे जाने पर जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि कभी कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि रेत माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाती है। अब तक सैकड़ों वाहनों का जब्त किया गया है और कई लोगों के खिलाफ सुसंगतत धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि खनन विभाग के पास मैन पावर की कमी है। इसका असर विभाग की कार्यशैली पर पड़ रहा है।

### दिनेश गोप के आदेश पर कुछ दिनों तक बंद रहा अवैध बालू का कारोबार

प्रशासन भले ही बालू की तस्करी रोकने में नाकाम रहा हो, पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप के मात्र एक फरमान से पूरे जिले में कुछ दिनों तक बालू की तस्करी पूरी तरह रुक गई थी। दिनेश गोप ने कहा था कि जब तक पीएलएफआई संगठन से बालू माफिया की वार्ता नहीं हो जाती है, तब तक बालू के कारोबार पर रोक रहेगी और इसका पूरा असर देखा गया।

## BRIEF NEWS

### नक्सलियों के बंद को लेकर गिरिडीह पुलिस अलर्ट

GIRIDIH : नक्सलियों के उत्तर भारत बंद के दौरान गिरिडीह पुलिस अलर्ट रही। जिले के हर नक्सल प्रभावित इलाकों में अर्धसैनिक बलों के साथ जिला पुलिस बल लगातर एलआरपी करती रही। एसपी अमित रेणु के निर्देश पर चारों सब डिवीजन के एसडीपीओ और डीएसपी और सभी थाना प्रभारी भी इलाको में सघन जांच अभियान चलाते रहे। नक्सली बंदी को देखते हुए गिरिडीह पुलिस ने रविवार रात से ही गिरिडीह डुमरी रोड को डायवर्ट कर दिया था। अब डुमरी से गिरिडीह और गिरिडीह से डुमरी रोड आने जाने वाले हर वाहन जमुआ, धनवार, सरिया, और बगोदर होते आवागामन होगा। फिलहाल रूट डायवर्ट की यह व्यस्था सोमवार दिन भर जारी रहा, वैसे किसी नक्सली बंदी को लेकर यह मौका है जब गिरिडीह पुलिस ने जिले के किसी रोड को डायवर्ट ही कर दिया है। नक्सली बंदी के कारण उग्रवाद प्रभावित इलाकों आम दिनो की अपेक्षा सन्नाटा पसरा रहा। सड़क यातायात पर भी असर पड़ा था। गिरिडीह से रांची ,पटना ,दुमका भागलपुर ,समेत अन्य शहरो के लिए खुलने वाली यात्री बसे नहीं गई। बंदी के कारण बस स्टैंड ,रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी।

### जिले के जिलिंगगोड़ा डैम में सेल्फी लेने के दौरान डूबे दो छात्र, मौत

SARAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थानांतर्गत जिलिंगगोड़ा डैम में नहाने के दौरान झरने के पास सेल्फी लेने के क्रम में दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्रों में वमार्माइंस के लक्ष्मी नगर निवासी शोभित सिंह (17) और उलीडीह थानांतर्गत डिमना रोड के न्यू सुभाष कॉलोनी निवासी सृजन कुमार (16) शामिल हैं। दोनों छात्र जमशेदपुर स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के इंटर में पढ़ते थे। गम्हरिया पुलिस द्वारा करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया गया। इधर, घटना की सूचना पाकर छात्रों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। मृत छात्र शोभित के परिजनों ने बताया कि वह प्रातः करीब छह बजे अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने जाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके बाद सात बजे उसके डूबने की सूचना मिली। जानकारी अनुसार, शोभित अपने छह दोस्तों के साथ डैम में नहाने गया था। नहाने के दौरान झरने की सेल्फी लेने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। उसके साथियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया पर वे उसे नहीं बचा पाए। इसी क्रम में सृजन भी गहरे पानी में चला गया जिससे वह डूब गया।

### बंजारी मंदिर के निकट 10 दिनों से मधुमक्खियों का आतंक

RAMGARH : ओपी क्षेत्र स्थित रामगढ़-पतरातू फोरलेन पर बंजारी मंदिर के निकट बीते 10 दिनों से मधुमक्खियों ने आतंक मचा रखा है। स्थानीय लोगों के साथ यहां आने जानेवाले राहगीर मधुमक्खियों के डंक का शिकार हो चुके हैं। आतंक दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। पास में दिलीप साव का होटल और ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में बच्चे पढ़ते हैं। जिससे मधुमक्खियों की समस्या बड़ी होती दिख रही है। मधुमक्खियों का छत्ता पेड़ पर काफी उंचाई पर है। जिसे हटाने के लिए कोई तैयार नहीं हो रहा है। वन विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। बावजूद इसके अबतक कहीं से कोई सुगबुगाहट होती नहीं दिख रही है।

### जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दोतल्ला मुखिया सम्मानित

RAMGARH : जिला समाहरणालय रामगढ़ में सोमवार को आयोजित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का स्वच्छता पखवाड़ा अभियान 2023 अंतर्गत जिला स्तरीय समापन सह सम्मान समारोह में पतरातू प्रखण्ड के बुध बाजार दोतल्ला पंचातय की मुखिया सत्यवंती देवी को सम्मानित किया गया। इस दौरान जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मुखिया सत्यवंती देवी को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुखिया को सम्मान मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, पंचायत सचिव नरेश हजाम, जल सहिया छुवि देवी, वार्ड सदस्य शकुंतला देवी, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह आदि ने बधाई दी है।

## तेजस्वी बोले- कर्नाटक में भाजपा की हार एक संदेश

# अगर साथ आकर लड़े तो जीत सकते हैं PM पद, सीएम बनने की इच्छा नहीं

**AGENCY PATNA :** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कर्नाटक में भाजपा की हार पर प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने तो पहले ही बता दिया था कि हनुमान जी भाजपा से नाराज हैं, कांग्रेस की एकतरफा जीत हुई है। यह हार सिर्फ भाजपा, पीएम मोदी की हार नहीं है। यह पूंजीवाद की भी हार है, उनके सहयोगियों की हार है।

यह एक संदेश है कि पूरी मजबूती के साथ हम अगर एकजुट होकर लड़े, जिसकी कवायद मुख?यमंत्री नीतीश कुमार, लालू यादव और हम सब कर रहे हैं, सभी लोगों को गोलबंद करें और जीतें।

तेजस्वी ने आगे कहा कि हम (तेजस्वी-नीतीश) ये पहले ही बता चुके हैं कि हमारी पीएम या सीएम बनने की इच्छा नहीं है। हम लोगों का एकमात्र लक्ष्य है कि देश में जनता के लिए काम होना चाहिए, गरीबी के लिए काम होना चाहिए। बेरोजगारी हटाने के लिए काम होना चाहिए। महंगाई कम होने के लिए काम होना चाहिए। किसान-मजदूर, सैनिकों-जवानों के लिए काम होना चाहिए।


पत्रकारों से बातचीत करते उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ● फोटोन न्यूज

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो आम व्यक्ति है, उसके लिए काम होना चाहिए। हम लोग इस काम में लगे हैं कि सब लोग गोलबंद हो जाएं, देश का लोकतंत्र और संविधान को बचाने में लगे हुए हैं।

बता दें कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव 2024 लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार से भाजपा हटाने के लिए विपक्ष को एकजुट करने में जुटे हुए हैं।

**इन दिग्गज नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम तेजस्वी :** नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव अब तक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर चुके हैं। सीएम नीतीश भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से भी मुलाकात कर चुके हैं, जिसे उन्होंने गैर-राजनीतिक बताया था। इसके बाद सीएम नीतीश, डिप्टी सीएम तेजस्वी, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह आदि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और शरद पवार से भी मुलाकात कर चुके हैं।

**नवीन पटनायक ने किया विपक्षी एकता से किनारा :** वहीं, बाद में नवीन पटनायक ने विपक्षी एकता की कवायद पर यह साफ कर दिया कि बीजद किसी तीसरे मोर्चे में शामिल नहीं होगी।

## जन सुराज पदयात्रा स्थगित : PK बोले

# बिहार की खराब सड़कों पर चलते चलते फट गई पैर की मांसपेशी

**AGENCY SAMASTIPUR :** प्रशांत किशोर की जन सुराज पदयात्रा करीब 25 दिनों के लिए स्थगित कर दी गई है। पदयात्रा अब 11 जून से अपने पुराने स्वरूप में शुरू होगी।

प्रशांत किशोर ने समस्तीपुर के मोरवा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि उनके बाएं पैर की मांसपेशी फटने की वजह से उन्हें चलने में कठिनाई हो रही है। लगातार खराब सड़कों पर प्रतिदिन 20-25 किमी चलने के कारण ये परेशानी हुई है।

**डॉक्टरों की सलाह पर लिया फैसला :** चिकित्सक का सुझाव है कि 15-20 दिन पैरों को आराम दिया जाए, इसलिए यात्रा को स्थगित करना पड़ रहा है। यात्रा फिर से इसी स्वरूप में 11 जून को मोरवा के इसी मैदान से शुरू होगी और जैसे चल रही थी, वैसे ही चलती रहेगी।



**2500 किमी की यात्रा हो चुकी है :** गौरतलब है कि प्रशांत किशोर जन सुराज पदयात्रा के माध्यम से 2 अक्तूबर 2022 से लगातार बिहार के गांवों में पैदल चल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने 2500 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करते हुए पश्चिम चंपारण से चलकर शिवहर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली होते हुए 11 मई को समस्तीपुर जिले में प्रवेश किया।

इसके बाद पैरों में समस्या आने की वजह से डॉक्टरों से सलाह ली गई और यात्रा को कुछ दिनों तक स्थगित करने का फैसला जन सुराज यात्रा से जुड़े लोगों की सर्वसम्मति से लिया गया।

# 'बिहार से जलेगी हिंदू राष्ट्र की ज्वाला', पटना में बोले धीरेंद्र शास्त्री- मेरे पागलों, इधर-उधर भटकना छोड़ दो

**AGENCY PATNA :** बागेश्वर धाम के आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा का आज यानी सोमवार को तीसरा दिन है। रविवार को चार लाख से ज्यादा की भीड़ को देखते हुए सोमवार को लगने वाले दिव्य दरबार को रद्द कर दिया गया है, लेकिन सोमवार को लाखों की भीड़ और परेशान होते भक्तों को देखकर बागेश्वर बाबा यानी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सोमवार दोपहर 12 बजे से दिव्य दरबार लगाया, जिसमें वे दूर-दूर से आए लोगों की अर्जी को सुन रहे हैं।



दिव्य दरबार शुरू करने से पहले धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हिंदुओं में एकता हो तो उसका नजारा क्या होता है, इसका नजारा देखना हो तो आओ कुछ दिन गुजारो बिहार में। बिहार के लोगों को पिछड़े और बिछड़े कहा जाता था, बिहार के लोगों को पिछड़े और बिछड़े नहीं है, बल्कि भक्ति से भरे हुए लोग हैं। उन्होंने कहा, 'हमें तो ऐसा लग रहा है कि भारतीय हिंदू राष्ट्र की ज्वाला बिहार से धधक रही है। एक दिन ऐसा आएगा। पूरा भारत राममय होगा। उन्होंने कहा कि मेरे बिहार के पागलो, अब तुमको इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। हम आपको भूतों से नहीं, भगवान से मिलवाने आए हैं।'

रविवार को कथा के दौरान करीब 100 लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद बाबा ने खुद भक्तों से कथा में आने से मना किया था। उन्होंने लोगों से टीवी पर कथा सुनने की अपील की थी। इसके बावजूद, लाखों की संख्या में भक्त सुबह से ही कथा पंडाल में मौजूद हैं। भीड़ को देखते हुए बागेश्वर बाबा का कथा कार्यक्रम रविवार से ही पल-पल बदल रहा है।

रविवार को हनुमंत कथा को डेढ़ घंटे पहले रद्द कर दिया था। सोमवार को दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच प्रस्तावित दिव्य दरबार स्थगित करने की घोषणा 16 घंटे पहले ही कर दी गई। इसके बाद सोमवार सुबह 11 बजे मीडिया को कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए होटल में आमंत्रित किया गया था, लेकिन उसे भी स्थगित कर दिया गया है। फिर 12 बजे से दिव्य दरबार लगाया गया, जिसमें पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अर्जी पर सुनवाई शुरू कर दी।

**प्रशासन ने कराया इंतजाम :** रविवार को पंडाल में भीड़ प्रबंधन के लिए सेक्टर और गलियारा का निर्माण नहीं किया गया था, जिसके कारण पूरी भीड़ मंच के आगे दबाव बना रही थी। आपदा प्रबंध में परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने आयोजक से भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग कराया है। डी एरिया को पुलिस ने खाली करा दिया है।

आयोजक समिति का कहना है कि फिलहाल 6 लाख से ज्यादा भक्त मौजूद हैं, जिनके लिए 3 लाख स्क्वायर फीट में बना जर्मन पंडाल भी छोटा पड़ रहा है।

# जनता दरबार में पहुंचा नीतीश कुमार नाम का फरियादी, सीएम बोले आप मेरा नाम रख लिए हैं

**AGENCY PATNA :** बिहार के सीएम नीतीश कुमार का जनता दरबार हर महीने के तीन सोमवार को लगाता है। आज भी जनता दरबार लगा, जिसमें अलग-अलग जिलों से फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। लेकिन उस वक्त सब हैरान रह गए। नीतीश कुमार नाम का ही एक फरियादी जनता दरबार में पहुंचा। इस पर सीएम ने कहा कि आप मेरा ही नाम रख लिए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने पदाधिकारियों से कहा कि ये लड़का मेरा ही नाम लिए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब मेरा नाम रखा गया था उस समय देश में किसी का नाम नीतीश कुमार नहीं था। मेरे पिता ने यह नाम रखा था। अब बहुत लोगों ने नीतीश नाम रख लिया है।


जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनते नीतीश कुमार ● फोटोन न्यूज

### जब CM ने पूछा अधिकारी ठीक काम क्यों नहीं कर रहे?

जनता दरबार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को निर्देश दिया कि अंचलाधिरी कार्यालयों में क्यों गड़बड़ी हो रही है, इसकी जांच कराएं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी क्यों ठीक से काम नहीं कर रहे हैं कि दाखिल-खारिज और अन्य संबंधित कई शिकायतें आ रही हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने पटना के डीएम को कहा कि पंचायतों में हो रही अनियमितता और वित्तीय गड़बड़ी की जांच कराएं। पटना के कई प्रखंडों से शिकायत पहुंची की नल-जल व नली-गली पक्कीकरण योजना में अनियमितता की जा रही है, पैसे का गबन किया जा रहा है।

### 17 विभागों की सुनी शिकायत

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 17 विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुना। अगले सोमवार को जनता दरबार में सीएम ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज, ऊर्जा, पथ निर्माण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, कृषि, सहकारिता, पशु एवं मत्स्य संसाधन, जल संसाधन, लघु जल संसाधन, नगर विकास एवं आवास, खाद्य उपभोक्ता संरक्षण, परिवहन, आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, योजना विकास, भवन निर्माण, पर्यटन, सूचना एवं जनसंपर्क, वाणिज्य तथा सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित मामलों की शिकायत सुनेंगे।

# दहेज नहीं मिलने पर पति ने कर दिया बड़ा कांड, साली को लेकर हुआ फरार

**AGENCY VAISHALI :** दहेज नहीं मिलने में विवाहिता को प्रताड़ित करने या फिर उसकी हत्या कर देने की खबरें अक्सर हम पढ़ने को मिलती हैं लेकिन बिहार के वैशाली जिले में मायके वालों ने अपनी बेटी के ससुराल वालों को दहेज की मांग पूरी नहीं की तो विवाहिता के पति ने पत्नी के साथ अपनी साली को भी भगा ले गया। यह हैरान कर देने वाला मामला महुआ थाने का है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि राघोपुर थाने क निवासी ने दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर अपनी बेटी के ससुराल वालों पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी बताया है कि उनके दामाद ने पत्नी के साथ साली को भी भगा ले गया।

बताया गया है कि अपनी पुत्री की शादी महुआ थाना क्षेत्र में की थी। शादी के बाद उनके दामाद के अलावा पुत्री के ससुराल वाले सभी लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नहीं उनकी पुत्री के साथ मारपीट भी किया करते थे। इस बीच उनके दामाद ने पत्नी के साथ अपनी साली को भी भगा ले गया। जिसका कोई पता नहीं चल रहा है। काफी खोजबीन करने के बाद भी उन्हें दामाद और दोनों पुत्री का पता नहीं चला।

इसके बाद उन्होंने महुआ थाने को आवेदन दिया है। पुलिस आवेदन मिलते ही अपनी कार्रवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करते हुए विवाहिता के साथ उसकी छोटी बहन बरामदगी और दोनों को भगा ले जाने वाले सिरफिरे आशिक की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## चुनाव से पहले तेजस्वी यादव का गेम चेंजर प्लान, शिक्षा मंत्री व विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

# शिक्षक भर्ती जल्द कराने का निर्देश, शिक्षा मंत्री संग की बैठक

**AGENCY PATNA :** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को शिक्षा मंत्री व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। और शिक्षा विभाग में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने को कहा है। इसके अलावा नए शिक्षकों की नियुक्ति जल्द हो सके, इसके लिए विभागीय कार्रवाई पूरी करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी विद्यालयों में बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वच्छता का पूरा प्रबंध करने का भी निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा मंत्री डॉ चंद्रशेखर भी मौजूद थे। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने विभागीय योजना और गतिविधियों की जानकारी को लेकर प्रजेंटेशन दिया।

बैठक की जानकारी उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने खुद ट्वीट कर दी। उन्होने ट्वीट में कहा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के अद्यतन कार्यों, पठन-पाठन, रिक्त पदों, नियुक्तियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का उपयोग, योजनाओं एवं उपलब्धियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



तेजस्वी यादव, शिक्षा मंत्री व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते ● फोटोन न्यूज

**आवासीय स्कूलों के स्थापना के लिए मंथन :** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसकी पूरी कार्ययोजना होनी चाहिए। उन्होंने बेहतर कार्ययोजना के लिए सबसे सुझाव भी मांगे और कहा कि सरकार बेहतर सुझावों पर ध्यान देगी। उपमुख्यमंत्री ने जिलों में आवासीय विद्यालय की स्थापना को लेकर भी मंथन किया और अधिकारियों को इस योजना को बेहतर ढंग से लागू करने की ताकीद की।

उन्होंने कहा कि यह विद्यालय उन्नत और बेहतर हो, इसका ध्यान रखा जाए। फिलहाल सभी जिलों में इसके लिए विद्यालयों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। शीघ्र इसके लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालय में किसी स्तर पर किसी तरह की गंदगी नहीं रहनी चाहिए। विद्यालयों की नियमित सफाई हो और किसी तरह का संक्रमण न हो, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने शौचालयों की व्यवस्था और उसकी नियमित सफाई का ध्यान रखने और विद्यालयों की अन्य जरूरतों को पूरा करने का भी निर्देश दिया।

**शिक्षक भर्ती साबित होगा गेम चेंजर :** बिहार सरकार ने बीपीएससी के माध्यम से नियुक्त किए जाने वाले 1.78 लाख शिक्षकों के नए लॉट के बेहतर वेतनमान को अंतिम रूप दे दिया है और 2006 से अब तक नियुक्त लगभग 4 लाख शिक्षकों की नाराजगी के बावजूद माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। बीपीएससी ने इस साल के अंत में होने वाली परीक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम पहले ही जारी कर दिया है। राजद के प्रमुख चुनावी वादों में रोजगार सृजन और स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ, तेजस्वी ने शिक्षा विभाग पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें बड़े पैमाने पर शिक्षक भर्ती शामिल है जो चुनावों से पहले गेम चेंजर हो सकता है। 2005 के बाद से, शिक्षा पोर्टफोलियो हमेशा जदयू के पास रहा और यह पहली बार राजद को मिला है।

### बिहार में एक लाख की आबादी पर 7 कॉलेज

उच्च शिक्षा के लिए अखिल भारतीय सर्वेक्षण की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में अभी भी 1703 के औसत नामांकन के साथ प्रति लाख जनसंख्या पर केवल सात कॉलेज हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में प्रति लाख जनसंख्या पर कॉलेजों की संख्या 51, कर्नाटक में 59 है, केरल में 48, राजस्थान में 37, महाराष्ट्र में 34, गुजरात और उत्तर प्रदेश में 31 और पश्चिम बंगाल में 30 है। 2021 में विभागीय समीक्षा के दौरान यह बात भी सामने आई थी कि 10 जिलों में पीजी की पढ़ाई किसी भी कॉलेज में नहीं हो रही है।

## BRIEF NEWS

### जमुई का कुख्यात अपराधी मलिंगा हुआ गिरफ्तार गिरोह के सरगना को पकड़ने गाजियाबाद गई पुलिस

**JAMUI :** आधा दर्जन कांडों के आरोपी छोटू सिंह उर्फ मलिंगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खैरा थाना क्षेत्र के बुलकाबथान स्थित पनभरवा बालू घाट के चालान कार्यालय से 4 लाख नकद और मोबाइल लूट मामले में गिरफ्तार परसा निवासी छोटू सिंह उर्फ मलिंगा का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

**संगीन मामलों में दर्ज हैं केस :** छोटू सिंह उर्फ मलिंगा के खिलाफ खैरा के अलावा बरहट थाना में आधा दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं। सोमवार को खैरा थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में छोटू सिंह उर्फ मलिंगा की गिरफ्तारी की पुष्टि एसडीपीओ डॉ राकेश कुमार ने की। उन्होंने बताया कि चालान कार्यालय लूट की घटना के बाबत खैरा थाने में केस दर्ज किया गया। कांड के पदार्फाश को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। टीम में खैरा थानाध्यक्ष सिद्धेश्वर पासवान के अलावा पुअनि मुरारी कुमार, प्रपुअनि विद्या रंजन कुमार, सअनि भोला सिंह और तकनीकी सेल के पदाधिकारी व कर्मी को शामिल किया गया।

**कबूल किया जुर्म :** टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छोटू सिंह उर्फ मलिंगा के घर से लूट का मोबाइल बरामद करने के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में छोटू ने अपना जुर्म कबूल करने के साथ कांड में शामिल अन्य अपराधियों के बारे में जानकारी दी। जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**सरगना को दबोचने गाजियाबाद गई पुलिस :** पुलिस की पूछताछ में छोटू ने कांड में शामिल अन्य अपराधियों के बारे में भी जानकारी दी है। बताया जाता है कि सभी अपराधी हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए हैं। सभी का पुराना आपराधिक इतिहास है। छोटू से मिली जानकारी के आधार पर गिरोह के सरगना को पकड़ने खैरा पुलिस की एक टीम गाजियाबाद गई है। हालांकि अभी तक गिरोह का सरगना पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए कोशिश कर रही है।

### बिहार में बेखौफ हुए बालू माफिया, ओवरलोडिंग की जांच के दौरान सिवान में DTO पर बोला हमला

**SIWAN :** बेखौफ हो चुके बालू माफिया ने सिवान में ट्रक की जांच कर रहे डीटीओ पर जानलेवा हमला किया है। ओवर लोड बालू लदे ट्रक को फाइन करने से नाराज बालू माफियाओं ने डीटीओ की टीम पर हमला बोला है। डीटीओ ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचायी, जबकि बालू माफिया के लोगों ने एक सिपाही को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना सिसवन थाना क्षेत्र के ग्यासपुर गांव की है। इससे पहले पटना में खनन विभाग की टीम पर बालू माफियाओं ने हमला किया था।

**सिपाही की कर दी पिटाई :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि डीटीओ सुबोध कुमार ग्यासपुर गांव के पास ओवरलोडिंग गाड़ियों की जांच कर रहे थे। बालू लदे ट्रकों को फाइन लगाने से बालू माफिया नाराज हो गये और डीटीओ पर हमला बोल दिया। इस दौरान डीटीओ सुबोध कुमार ने भागकर अपनी जान बचायी, लेकिन दरौली थाना क्षेत्र के डुमरहर गांव का रहने वाला पुलिस कांस्टेबल पिंटू कुमार बालू माफिया के हत्थे चढ़ गया। इस दौरान बालू माफिया के लोगों ने उस सिपाही की बेरहमी से पिटाई कर दी।

**डीटीओ को भी हल्की चोट लगी हैं :** स्थानीय मीडिया के अनुसार गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां से बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि डीटीओ को भी हल्की चोट लगी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने 32 बालू लदे ट्रकों को जब्त कर लिया है। पुलिस आरोपित बालू माफियाओं की तलाश में जुट गई है। कई जगहों पर छापेमारी की सूचना आ रही है। अब तक इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

### एसटीएफ ने तीन जिलों के कुख्यात अपराधियों को दबोचा

**PATNA :** एसटीएफ ने तीन अलग-अलग जिलों के कुख्यात तीन अपराधियों को दबोच लिया। ये तीनों अपराधी अपने-अपने जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल हैं। बेगूसराय जिले से भोलू सिंह गिरोह के कुख्यात अपराधी कमल कुमार को मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी महाजी दियारा से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक दो नाली बंदूक, एक देसी पिस्टल, 24 कारतूस और एक बिंडोलिया बरामद किया गया है। वह मूल रूप से खगड़िया जिले के मुफस्सिल थाने के रहीमपुर नया टोला का रहने वाला है। मटिहानी थाना समेत जिले के कई थानों में उसके खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हैं। सासाराम के सिमरा के रहने वाले कुख्यात वांछित अपराधी गुड्डू पासवान को रोहतास जिले के नासरीगंज से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल बरामद किया गया। इसके खिलाफ जिले के कई थानों में कई संगीन मामले दर्ज हैं। इसके अलावा मधुबनी जिले के कुख्यात अपराधी उदय प्रकाश यादव को जिले के नरहिया ओपी क्षेत्र के औरहा गांव से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। वह लौकही का रहने वाला है। उसके खिलाफ मधुबनी जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, अपहरण और आर्म्स एक्ट के तहत आठ से अधिक मामले दर्ज हैं। वह काफी समय से फरार चल रहा था।

### बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा : मोटी रकम वसूल अभ्यार्थियों को करा रहे थे नकल, तीन गिरफ्तार

**SHEIKHPURA :** रविवार को संपन्न हुई सिपाही भर्ती परीक्षा में पुलिस ने सॉल्वर गैंग का खुलासा किया है, जो अभ्यर्थियों से मोटी राशि लेकर परीक्षा केंद्र पर प्रश्न के उत्तर लिखवाते थे। एसपी ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर-के इसकी जानकारी देते हुए इस गिरोह में 20 से 25 लोगों के शामिल होने का अनुमान जताया है। गिरफ्तार लोगों में संस्कार पब्लिक स्कूल शेखपुरा पर परीक्षा दे रहे अभ्यार्थी शंकर कुमार, नवादा जिला का निवासी व गया में पदस्थापित बिहार पुलिस का जवान सुजीत कुमार और परीक्षा केंद्र के बाहर प्रश्न हल कर रहा नवादा जिला के बहेरा निवासी अमर कुमार शामिल हैं। इनके पास से वॉकी टॉकी फोन, 35 हजार रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन और परीक्षा से जुड़े कई कागजात भी जब्त किए गए हैं।

**ऐसे खुला गिरोह का राज :** रविवार को जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर मध निषेध सिपाही भर्ती की परीक्षा हुई। इसमें शेखपुरा कलेक्ट्रेट से सटे निजी शिक्षण संस्थान संस्कार पब्लिक स्कूल में भी परीक्षा केंद्र था। एसपी ने बताया, परीक्षा के दौरान सूचना मिली कि इस परीक्षा केंद्र के बाहर एक युवक वॉकी टॉकी फोन रखे हुए है और उससे बातचीत कर रहा है। पुलिस भेजकर इस युवक को मौके से हिरासत में लिया, जिसकी पहचान नवादा जिला के बहेरा गांव निवासी अमर कुमार के रूप में हुई। पूछताछ करने पर पता चला कि संस्कार पब्लिक स्कूल के भीतर परीक्षा दे रहे एक अभ्यार्थी को यह बाहर से वॉकी टॉकी के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर लिखवा रहा है। बिना देर किए केंद्र से इस अभ्यर्थी को भी हिरासत में लिया गया,जिसकी पहचान शेखपुरा जिला के शेखोपुर सराय थाना के रहींचा गांव निवासी शंकर कुमार के रूप में हुई। इन दोनों के पास से वॉकी टॉकी फोन तथा उसके भीतरी उपकरण के साथ कागजात भी बरामद किए गए। दोनों से पूछताछ के बाद इस गिरोह एक किंगपिन सुजीत कुमार के बारे में जानकारी मिली,जिसे नवादा जिला के नारदीगंज थाना के बहुआरा गांव से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में जानकारी हुई कि सुजीत कुमार गया जिला में बिहार पुलिस बल के जवान के रूप में कार्यरत है और इसने ने सॉल्वर गैंग तैयार करके यह काम किया है। सुजीत के पास से परीक्षा के दौरान बाकी-टाकी प्रयोग करने के वीडियो और मोबाइल फोन में प्रश्न पत्र भी मिला।

### यंग इंडिया के बोल सीजन-3 में स्वाति को मिला पहला स्थान

**PATNA :** भारतीय युवा कांग्रेस की ओर से आयोजित यंग इंडिया के बोल सीजन-3 का प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 14 मई रविवार को सदाकत आश्रम में संपन्न हुआ। इसमें प्रदेश भर के सभी जिलों से आए 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी ने बेबाकी के साथ प्रतियोगिता के तीनों फार्मेट भाषण,वाद-विवाद एवं कविता/व्यंग्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# त्री-अभिभावक संतान

विज्ञान की दुनिया में ऐसा बहुत कुछ चल रहा होता है, जिसकी जानकारी आम लोगों को नहीं होती है। ऐसी ही एक चौंकाने वाली सूचना ब्रिटेन से आई है। लगभग आठ साल बाद त्री-अभिभावक संतान के पैदा होने की घोषणा की गई है। माइटोकॉन्ड्रियल रिप्लेसमेंट तकनीक (एमआरटी) के रूप में जानी जाने इस वाली प्रजनन तकनीक को कानूनी मान्यता देने वाला पहला देश ब्रिटेन ही है। वहां 2015 में इस तकनीक को मान्यता मिली थी और उसके बाद करीब पांच बच्चों का जन्म अब तक हो चुका है। यूके फर्टिलिटी रेगुलेटर, ह्यूमन फर्टिलाइजेशन ऐंड एम्ब्रियोलॉजी अथॉरिटी (एचएफईए) ने इस नए वैज्ञानिक विकास की पुष्टि की है। इस समग्र प्रक्रिया या बच्चों के बारे में चिकित्सकों ने कुछ भी स्पष्ट नहीं बताया है। वैज्ञानिक इस आधुनिक विद्या पर लगातार काम कर रहे हैं। बच्चों को पैदा करने की इस असामान्य प्रक्रिया का ज्यादा प्रचार हो, यह वैज्ञानिक भी नहीं चाहते हैं। मोटे तौर पर एमआरटी का इस्तेमाल असाध्य बीमारियों की स्थिति में किया जा रहा है। किसी अभिभावक या जनक या जननी में गंभीर कमी की स्थिति में यह तकनीक कारगर हो सकती है। इसमें अमूमन एक पुरुष और दो महिलाओं का इस्तेमाल होता है। महिलाओं में बढ़ती बांझपन की शिकायत का भी यह समाधान है। त्री-अभिभावक संतान पैदा करने की इस तकनीक का इस्तेमाल ज्यादातर माइटोकॉन्ड्रियल रोगों की स्थिति में किया गया है। नेचर में प्रकाशित शोध के अनुसार, इस रोग को अगली पीढ़ी या संतान में शून्य या न्यूनतम करने के लिए इस तकनीक का प्रयोग हुआ है। दुनिया में इस तकनीक को बहुत आदर से नहीं देखा जाता है, पर एक सूचना यह भी बताती है कि इस तकनीक से 1990 और 2000 के दशक की शुरूआत में भी बच्चे पैदा हुए हैं। आईवीएफ-आधारित प्रजनन विधा की यह अगली कड़ी है। इस सफलता को चमत्कारी रूप में देखा गया था, पर इसका प्रयोग अभी भी विवादास्पद बन हुआ है। नियामक एजेंसियां किसी मजबूत वजह की तलाश में हैं, ताकि इस तकनीक को बड़े पैमाने पर मान्यता दी जा सके। हालांकि, एक बड़ा खतरा है कि इसको अगर आसान या सहज उपलब्ध बनाया गया, तो इसका दुरुपयोग भी खूब हो सकता है। साथ ही, इस तकनीक से पैदा हुए बच्चों के अधिकार और उनके तीन-तीन अभिभावकों के अधिकारों व जिम्मेदारियों को लेकर भी समस्या पैदा हो सकती है। अमेरिका में भी इस विधि को मान्यता हासिल नहीं है। हालांकि, साल 2015 में ही एक अमेरिकी वैज्ञानिक ने इस विधि से प्रजनन को संभव बनाया था, पर यह काम मैक्सिको की धरती पर किया गया था। विज्ञान के ऐसे विकास को लेकर उत्साह खूब है, तो विवाद भी हैं। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रजनन आनुवंशिकीविद् डेगन वेल्स कहते हैं कि यह रोमांचक खबर है, लेकिन पता नहीं, यह विधि वास्तव में काम कर रही है या नहीं? सवाल कई हैं और जवाब खोजने की जरूरत है। दरअसल, जब लोगों को ऐसे प्रजनन से लाभ मिलेगा या मानव जाति को वाकई किसी गंभीर रोग से मुक्ति मिलेगी, तो ही इसे बहुतायत में स्वीकार किया जाएगा।

# कसौटी पर सेहत

किसी भी देश में विकास के नारे तभी वास्तविक और सार्थक हो सकते हैं, जब समाज के आम लोगों को सेहत और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल पाता है। सेहत के मोर्चे पर आज भी तस्वीर ऐसी हो कि जच्चा-बच्चा की मौतों के मामले में देश की स्थिति सबसे खराब हो तो ऐसे में यह कहना मुश्किल है कि विकास के ढांचे में प्राथमिकताएं क्या हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की एक रपट में यह जानकारी दी गई है कि जच्चा-बच्चा मौतों के मामले में जिन देशों की स्थिति बेहद नकारात्मक पाई गई है, उसमें भारत की तस्वीर सबसे खराब है। रपट के मुताबिक, भारत में प्रसव के दौरान महिलाओं, मृत शिशुओं के जन्म और नवजात शिशुओं की मौत के मामले सबसे ज्यादा हैं। सन 2020-2021 में दुनिया के अलग-अलग देशों में तेईस लाख नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जिनमें से भारत में मरने वालों की संख्या सात लाख अठासी हजार रही। सवाल है कि जिस दौर में सरकार स्वास्थ्य को लेकर सबसे ज्यादा संवेदनशील होने और प्राथमिकता में सबसे ऊपर मान कर काम करने का दावा कर रही है, उसमें आज भी प्रसव के दौरान महिलाओं और नवजात की मौत के मामले क्यों अधिक हैं! दरअसल, जच्चा-बच्चा मौतों को लेकर यह दुखद तस्वीर नई नहीं है। लंबे समय से यह विडंबना एक तरह से स्थिर और कायम है कि प्रसव के दौरान महिलाओं या नवजात की जान चली जाती है। चिकित्सा सुविधाओं का दायरा फिलहाल इतना है कि उस तक बहुत सारे जरूरतमंद परिवारों की पहुंच नहीं है या फिर वहां बुनियादी सुविधाओं की कमी है। एक बड़े तबके के बीच महिलाओं को गर्भधारण के बाद जिन पोषक तत्त्वों की जरूरत होती है, कई कारणों से उससे वे वंचित होती हैं। इसका सीधा असर उनकी सेहत, शारीरिक क्षमता और प्रसव पर पड़ता है, जिसमें कई बार प्रसव के समय महिला की जान चली जाती है या फिर बच्चा इतना कमजोर पैदा होता है कि उसे बचाया नहीं जा पाता। यह स्थिति तब है जब महिलाओं की सेहत और प्रजनन स्वास्थ्य को लेकर सरकारों की ओर से अनेक तरह की योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन होता रहा है। गौरतलब है कि सुरक्षित प्रसव के लिए प्रसूता महिलाओं को अस्पतालों में सुविधाएं और नगदी सहायता मुहैया कराई जाती है।

# मजबूत पाकिस्तान में ही भारत की भलाई

ANALYSIS



नवीन कुमार पाण्डेय

**मान लिया कि पाकिस्तान के कमजोर होने से वहां के आतंकी हावी हो जाएंगे, तो? क्या हम पाकिस्तान को फुल फ्लेज्ड वॉर में बार-बार मात नहीं दे चुके हैं? क्या कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों पर छिपकर बैठे हथियारबंद पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकियों से अपनी जमीन वापस नहीं ली? इन युद्धों से ज्यादा पाकिस्तान क्या कर सकता है? क्या आतंकी हमें अतीत के युद्धों से ज्यादा नुकसान पहुंचाने की हालत में होंगे? यहां दलील दी जाती है कि हां, संभव है क्योंकि वो परमाणु बम का इस्तेमाल कर सकते हैं। पहली बात तो ये कि परमाणु की धमकी तो वहां के मंत्री भी दिया करते हैं। इमरान खान सरकार के मंत्री रहे शेख रशीद के फेमस डायलॉग्स भूल गए? आतंकियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है, वो पागल हैं तो फिर पाकिस्तान के नेता और वहां की आर्मी क्या है? क्या पाकिस्तान की जो हालत है, वो पाकिस्तानी सरकार और आर्मी की वजह से नहीं? क्या पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की भरमार भी वहां की सरकारों और आर्मी की वजह से नहीं है?**

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद बवाल मचते ही हमारे यहां का अमन की आशा ब्रिगेड मजबूत पाकिस्तान ही भारत के हित में वाला दशकों पुराना राग अलापने लगा है। इस ब्रिगेड की मुख्य दलील ये है कि पाकिस्तान की सरकार और वहां की आर्मी कमजोर हुई तो नॉन-स्टेट ऐक्टर्स, साफ-सुथरी भाषा में कहें तो आतंकवादियों को भारत के खिलाफ मंसूबों को अंजाम देने की खुली छूट मिल जाएगी। मानो पाकिस्तान की सरकार और वहां की आर्मी का क्रॉस बॉर्डर टेररिजम से कोई लेना-देना नहीं है। भारत की हिफाजत, मजबूत पाकिस्तान में के सिद्धांतकारों की मानें तब तो यह कहना होगा कि भारत को नुकसान पहुंचाने की मंशा रखने वाले आतंकियों को पाकिस्तान चुन-चुनकर मारता रहता है, इस कारण हमारे यहां हर दिन बम विस्फोट नहीं होते हैं। उनके मुताबिक, 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद भारत के बाजारों, मंदिरों, भीड़-भाड़ वाली अन्य जगहों पर बम धमाके, सीरियल ब्लास्ट्स नहीं हो रहे हैं तो यह पाकिस्तान और वहां की आर्मी की आतंकियों पर की गई कड़ाई का नतीजा है, इसमें भारत का कोई पुरुषार्थ नहीं। यह ब्रिगेड अगर ये पूछ बैठे कि पाकिस्तान हमारा इतना बड़ा ही दुश्मन है तो 76 वर्षों में दुनिया के नक्शे से भारत का नामों-निशान क्यों नहीं मिटा, तो हैरत की बात नहीं होगी। ये तो पूछते ही हैं कि आक्रांता मुसलमान और मुगल बादशाह उदार नहीं होते तो भारत में एक भी हिंदू कैसे बच जाता? इसी तर्ज पर ये कह सकते हैं कि अगर मुसलमानों का अलग देश बन जाने के बाद भी भारत बचा है तो यह पाकिस्तान की दरियादिली का बड़ा प्रमाण है।

**कूट-कूटकर कायरता भरे दिमाग की उपज तो देखिए**

अमन की आशा ब्रिगेड का तर्क है कि पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न देश है, इसलिए खतरा बड़ा है। अगर परमाणु हथियार आतंकियों के हाथ लग गए तो उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। सोचिए, यह दलील जिसके दिमाग में भी आ रही है, उसके अंदर कायरता किस हद तक कूट-कूटकर भरी होगी! क्या इनकी यह सोच है कि भारत अपनी भुजाओं के दम पर नहीं, पाकिस्तान की सरकार और वहां की आर्मी की दया पर निर्भर है? अगर पाकिस्तान के परमाणु बम से हमें डरना ही था तो फिर हमने अपने परमाणु हथियार क्यों बनाए? 1998 में अमेरिका को ठेंगा दिखाकर दूसरी बार परमाणु परीक्षण किया और बदले में प्रतिबंध मोल लिए। तो क्या ये फालतू कवायद थी? क्या तत्कालीन अटल बिहारी सरकार ने मूर्खता की थी? सोचिए, जो भारत आज से 25 वर्ष पहले अमेरिका से नहीं डरा, उसे आज के पाकिस्तान से डरना चाहिए! ध्यान रहे 25 वर्ष पहले का अमेरिका आज से ज्यादा मजबूत था और आज का पाकिस्तान अपने इतिहास का सबसे बड़ा पराभव देख रहा है। भारत इन 25 वर्षों में कहां से कहां पहुंच गया, यह बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन दलील यह कि भारत को पाकिस्तान की अंदरूनी उठापटक से डरना चाहिए। पाकिस्तान की सरकार और आर्मी की मजबूती से वहां के आतंकी बेकाबू नहीं हो पाते, इसके क्या सबूत हैं? क्या पाकिस्तान की बॉर्डर ऐक्शन टीम में आर्मी कमांडो के साथ-साथ आतंकी भी नहीं होते हैं? क्या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आर्मी के संरक्षण में आतंकी कैंप संचालित नहीं होते हैं? क्या हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकी पाकिस्तान की सरकार और वहां की आर्मी की सह के बिना फले-फूले? अगर ऐसा है तब तो भारत को ऋअळऋमें पाकिस्तान की मदद करनी चाहिए! एक दलील यह दी जाती है कि पाकिस्तान में तहरीक-ए-लब्बैक जैसे धार्मिक कट्टरपंथी संगठन हैं जो गजवा-ए-हिंद का ख्वाब देखते हैं। लब्बैक जब पाकिस्तान की सरकार का तख्तापलट नहीं कर सकता, वहां की आर्मी का सामना नहीं कर सकता तो भारत की क्या खाक बिगाड़ लेगा? एक अन्य दलील अफगानिस्तान को लेकर दी जाती है। कहा जाता है कि अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता आते ही पाकिस्तान में आतंकी हमले बढ़ गए। यह दलील देने वाले भूल जाते हैं कि पाकिस्तान के अंदर भी तालिबान है जिसे पाकिस्तान बैड तालिबान कहता है। क्या भारत भी गुड और बैड टेररिजम का फर्क करता है?

**मजबूत पाकिस्तान के पक्ष में गजब की दलील!**

एक पत्रकार ने भारत में इंटेलिजेंस के सूत्रों का हवाला देकर लेख लिखा है कि कैसे पाकिस्तान में मचे बवाल से भारत की नसें खिंचने लगी हैं। भारत की सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के हाथ-पांव फूल रहे हैं कि अगर पाकिस्तान की सरकार और आर्मी कमजोर हुई तो आतंकियों को भारत के खिलाफ खुलकर खेलने का मौका मिल जाएगा। उन्होंने ये सब बताते हुए कई बार सूत्रों, सूत्रों लिखा है, लेकिन वो सूत्र किस विंग से हैं, किस विभाग से हैं, कोई इशारा नहीं किया है। पूरे लेख में जो तीन नाम लिखे गए हैं, उनमें एक है- माइकल कुगलमैन का। वो वॉशिंगटन की संस्था विल्सन सेंटर में एशिया प्रोग्राम के डिप्टी डायरेक्टर और साउथ एशिया विभाग के सीनियर एसोसिएट हैं। इनके बयान को कोट करते हुए कहा गया है कि यूं तो भारत के लिए बड़ी चिंता का विषय चीन है, लेकिन अस्थिर पाकिस्तान भी भारत के लिए कम खतरनाक नहीं है। महाशय माइकल के मुताबिक तो लगता है कि मानो अब तक पाकिस्तान से भारत को कभी, किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई हो। हमें भूलना नहीं चाहिए कि अमेरिका वह देश है जो पाकिस्तान जैसे कई मोहरे पाल रखे हैं और उसे जिसकी, जब जैसी जरूरत है, उसकी वैसा इस्तेमाल करता है। निश्चित रूप से अमेरिका की ख्वाहिश होगी कि पाकिस्तान बहुत कमजोर कभी नहीं हो और चीन अपनी चालबाजी नहीं छोड़ दे ताकि भारत बेफिक्र हो जाए। बहरहाल, लेख में बाकी दो नामों में एक पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त शरद सभरवाल और दूसरा विदेश में रहने वाली पाकिस्तानी आयशा सिद्दिका का है। वो रणनीतिक मामलों की जानकार हैं। सभरवाल और सिद्दिका, दोनों ने पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ने का जिक्र किया है, भारत की परेशानी बढ़ेगी, ऐसा संकेत करने वाला एक शब्द भी नहीं कहा। मान लिया कि पाकिस्तान के कमजोर होने से वहां के आतंकी हावी हो जाएंगे, तो? क्या हम पाकिस्तान को फुल फ्लेज्ड वॉर में बार-बार मात नहीं दे चुके हैं? क्या कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों पर छिपकर बैठे हथियारबंद पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकियों से अपनी जमीन वापस नहीं ली? इन युद्धों से ज्यादा पाकिस्तान क्या कर सकता है? क्या आतंकी हमें अतीत के युद्धों से ज्यादा नुकसान पहुंचाने की हालत में होंगे? यहां दलील दी जाती है कि हां, संभव है क्योंकि वो परमाणु बम का इस्तेमाल कर सकते हैं। पहली बात तो ये कि परमाणु की धमकी तो वहां के मंत्री भी दिया करते हैं। इमरान खान सरकार के मंत्री रहे शेख रशीद के फेमस डायलॉग्स भूल गए? आतंकियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है, वो पागल हैं तो फिर पाकिस्तान के नेता और वहां की आर्मी क्या है? क्या पाकिस्तान की जो हालत है, वो पाकिस्तानी सरकार और आर्मी की वजह से नहीं? क्या पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की भरमार भी वहां की सरकारों और आर्मी की वजह से नहीं है? हमारे परमाणु हथियार दिखावे के लिए हैं? क्या हमने परमाणु बम इसलिए बनाए थे कि हमें पाकिस्तान जैसे पिद्दी से परमाणु हमले का डर सताता रहे? क्या परमाणु शक्ति संपन्न होने का असल मकसद ही यही नहीं है कि कोई हमें डरा नहीं सके? क्या हम परमाणु के डर से सीमा पर सैनिकों की हत्या करवाते रहें और उनकी लाश के साथ अमानवीय कृत्य करवाते रहें? आइए अब अतीत के आईने में भी भारत की हिफाजत के लिए मजबूत पाकिस्तान जरूरी के सिद्धांत की तस्दीक कर ही लेते हैं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था सबसे मजबूत प्रधानमंत्री अयूब खान के दौर में रही। वर्ष 1958 से 1969 के उनके कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान की जीडीपी की औसत वृद्धि दर 5.82 प्रतिशत थी। तब उसका मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ रेट भी 8.51 प्रतिशत था। तब पाकिस्तान ने हमारे साथ क्या किया?

**डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं**

# आखिर क्यों बरकरार रहा उप्र निकाय चुनाव में योगी मैजिक

आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले हरेक विधनासभा और नगर निगम चुनाव पर सारे देश की निगाहें रहने वाली हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कर्नाटक विधानसभा और उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव का नतीजा देखना होगा। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी को निराशा हाथ लगी लेकिन उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव ने पार्टी को जश्न मनाने का पूरा मौका दिया है। अभी देश में सिर्फ और सिर्फ कर्नाटक चुनाव की ही चर्चा हो रही है। जबकि, उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में कर्नाटक में जितने मतदाताओं ने भाग लिया उससे कहीं ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। अतः मैं तो आज उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव की ही चर्चा करूंगा। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगम में अपना परचम लहराया है। इसके अतिरिक्त सभी अन्य निकाय में भाजपा का प्रदर्शन अत्यंत ही प्रभावशाली रहा है। सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया , ऐसा कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। बेशक, इस चुनाव परिणाम से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का तो हौसला बढ़ेगा ही, ताज्जुब नहीं की लोकसभा चुनाव प्रचार में योगी के उत्तर प्रदेश मॉडल की गूंज सुनाई दे। सर्वाधिक लोकसभा सीट वाले प्रदेश उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव को लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तौर पर देखा जा रहा था। चाहे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल हों, विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी या कांग्रेस हों। प्रत्येक राजनीतिक दल के लिए यह निकाय चुनाव उतना ही मायने रखता था। सभी दल अपने-अपने हिसाब से जोर भी खूब लगा रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए निकाय चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। क्योंकि यह पहला चुनाव था, जो अकेले योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लड़ रही थी। योगी के ऊपर पूरे चुनाव का दारोमदार था। ऐसे में जीत का श्रेय भी योगी आदित्यनाथ को ही मिलना स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश नगर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगमों में अपना परचम लहराया है। 2017 के विधानसभा चुनाव से लेकर उत्तर प्रदेश में हुए अब तक के हर चुनाव पर नजर डालें तो योगी की छवि कद्दावर नेता के तौर पर उभरी है। 2017 में योगी आदित्यनाथ जब भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री बनाए गए तो उनकी अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी ने पहला चुनाव, नगर निकाय का ही लड़ा था। उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कुल 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी, यही नहीं 70 नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायतों में 100 सीटों पर जीत के साथ बढ़िया प्रदर्शन किया था। भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद इस परिणाम के बाद योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम की प्रशंसा की थी लेकिन चुनावी पंडितों ने जीत की वजह मोदी मैजिक को ही बताया था। इसके पांच साल बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दोबारा उत्तर प्रदेश की सत्ता हासिल की। इस प्रचंड जीत से योगी की बेहतर प्रशासक की छवि पुष्ट हुई । लेकिन राजनीतिक पंडित अभी भी इस सवाल से जूझ रहे थे कि क्या योगी अकेले पार्टी की चुनावी नैया पार लगा सकते हैं? कर्नाटक विधानसभा और उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव एक साथ हुए। चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी की पूरी केंद्रीय टीम ने कर्नाटक में ताकत झोंक रखी थी। योगी आदित्यनाथ निकाय चुनाव में अकेले ही मोर्चे पर डटे रहे। वह अपने मंत्रियों, विधायकों के साथ राज्य भारतीय जनता पार्टी टीम की अगुवाई कर रहे थे। निकाय चुनाव की योगी के लिए क्या अहमियत थी इसका अंदाजा चुनावी रैलियों से लगाया जा सकता है। योगी आदित्यनाथ ने महज 13 दिन में ह्यसंवाद का अर्धशतकह्ल लगाया, 50 रैलियां की। सपा मुखिया अखिलेश यादव से लेकर तमाम दूसरी पार्टियों की तुलना में योगी ने चुनाव प्रचार में कहीं ज्यादा पसीना बहाया। हर दिन वो अलग-अलग जिलों के दौरे पर रहे। इतना ही नहीं निकाय चुनाव के बीच में तीन दिन कर्नाटक में भी चुनाव प्रचार किया । मुख्यमंत्री ने प्रत्येक चुनावी रैली में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता, उत्तर प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज, हाइवे समेत इंफ्रास्ट्रक्चर एवं चौतरफा विकास पर खूब बोला । लेकिन , सबसे ज्यादा जोर अपराधियों के खिलाफ एक्शन पर दिया। पूरे चुनाव में माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे वाला बयान सर्वाधिक चर्चा में रहा। उमेश पाल हत्याकांड के बाद उत्तर प्रदेश सरकार का बुलडोजर एक्शन से लेकर शूटर्स का एनकाउंटर हो या माफिया अतीक अहमद और उसके भाई की पुलिस कस्टडी में हत्या। भारतीय जनता पार्टी ने हाल के इन घटनाक्रमों को इस तरह से पेश किया जैसे योगी सरकार में ही यह संभव था। अतीक-अशरफ की हत्या के बाद प्रयागराज पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिए बिना कहा भी था कि यहां की धरती अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती। प्रकृति न्याय जरूर करती है। जो जैसा करेगा, उसको वैसा ही फल मिलता है। जिन लोगों ने अन्याय किया था प्रकृति ने उनके साथ न्याय कर दिया। इसी निकाय चुनाव के दौरान पश्चिम उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने दुर्दांत गैंगस्टर अनिल दुजाना को एनकाउंटर में मार गिराया, जिसकी खूब चर्चा हुई। अपनी रैलियों में योगी ने नो कर्फ्यू, नो दंगा, उत्तर प्रदेश में सब चंगा। और रंगदारी न फिरौती, अब उत्तर प्रदेश नहीं है किसी की बपौती, जैसे लोकप्रिय नारे गढ़े। योगी आदित्यनाथ ने तो नगर निकाय चुनाव को देवासुर संग्राम तक कह डाला था। सहारनपुर की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा था कि यह चुनाव देवासुर संग्राम से कम नहीं है। चुनाव में दानव के रूप में भ्रष्टाचारी हैं, दुराचारी हैं और अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं।


## Social Media Corner

सच के हक में...



पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि। राजस्थान में पार्टी को मजबूत करने और संगठन को खड़ा करने में उनका अहम योगदान रहा। एक राजनेता व एक प्रशासक के रूप में समाज सुधार व औद्योगीकरण के लिए उनके उठाये कदम पूरे देश के लिए प्रेरणीय हैं।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने एक सपना देखा है। और वह सपना है 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का। हमारा यह स्वप्न तभी पूरा हो पाएगा, जब हम सब अपनी पूरी क्षमता का दोहन करेंगे।

**(रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ट्विटर अकाउंट से)**



हूल विद्रोह के महान क्रांतिवीर अमर वीर शहीद चानकु महतो जी के शहादत दिवस पर शत-शत नमन। झारखण्ड के वीर शहीद अमर रहें!
जय झारखंड

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# डेंगू का प्रभाव, बचाव ही उपाय

डेंगू वैसे तो प्रतिवर्ष खासकर बारिश के मौसम में लोगों पर कहर बनकर टूटता रहा है। देश के अनेक राज्यों में अब हर साल डेंगू का प्रकोप देखा जाने लगा है। हजारों लोग डेंगू से पीड़ित होकर अस्पतालों में भर्ती होते हैं। इनमें से दर्जनों लोग मौत के मुंह में भी समा जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को ह्यराष्ट्रीय डेंगू दिवसह्ल मनाया जाता है। डेंगू की दस्तक हर साल सुनाई पड़ती है किन्तु हर तीन-चार वर्ष के अंतराल पर डेंगू एक महामारी के रूप में उभरकर सामने आता है। डेंगू की दस्तक के बाद प्रशासन की नींद टूटती है। तब जगह-जगह फैले कचरे और गंदगी के ढेर तथा विभिन्न अस्पतालों में सही तरीके से साफ-सफाई न होने और अस्पतालों में भी मच्छरों का प्रकोप दिखता है। प्रशासनिक लापरवाही का आलम यही रहता है कि ऐसी कोई बीमारी फैलने के बाद एक-दूसरे पर दोषारोपण कर जिम्मेदारी से बचने की होड़ दिखाई देती है। डेंगू का प्रकोप अब पहले के मुकाबले और भी भयावह इसलिए होता जा रहा है। अब डेंगू के कई ऐसे मरीज भी देखे जाने लगे हैं, जिनमें डेंगू के अलावा मलेरिया के भी लक्षण होते हैं और दोनों बीमारियों के एक साथ धावा बोलने से कुछ मामलों में स्थिति बेहद खतरनाक हो जाती है। पिछले कुछ वर्षों से डेंगू के कुछ ऐसे मामले भी सामने आने लगे हैं, जब सप्ताह भर बाद ही रोगी के शरीर में ज्यादातर अंग काम करना बंद कर देते हैं और रोगी दम तोड़ देता है। कुछ ऐसे मरीज भी देखे जाते हैं, जिनमें डेंगू के शिकार होने के बावजूद बुखार और तेज सिरदर्द जैसे डेंगू में आम लक्षण नदारद होते हैं। ऐसे मरीज केवल शारीरिक थकान की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, जहां उनमें रक्त जांच के बाद डेंगू की पुष्टि होती है। आमतौर पर सामने आने वाले लक्षणों रहित ऐसे मामले अब डॉक्टरों के लिए भी परेशानी का सबब बनने लगे हैं। डेंगू बुखार एक वायरल संक्रमण है। यह एक खतरनाक बीमारी है, जो ऐडीस मच्छर के काटने से होती है, जो हमारे घरों के आसपास भरे पानी में ही पनपता है। ऐडीस मच्छर काले रंग का स्पॉटेड मच्छर होता है, जो प्रायः दिन में ही काटता है। डेंगू का वायरस शरीर में प्रविष्ट होने के बाद सीधे शरीर के प्रतिरोधी तंत्र पर हमला करता है। इस मच्छर का सफाया करके ही इस बीमारी से पूरी तरह से बचा जा सकता है। प्रायः मानसून के बाद ही डेंगू के ज्यादा मामले देखने को मिलते हैं। डेंगू प्रायः दो से पांच दिनों के भीतर गंभीर रूप धारण कर लेता है। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो सकता है और रोगी समझने लगता है कि वह ठीक हो गया है लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है बल्कि यह स्थिति और भी खतरनाक होती है। अतः बेहद जरूरी है कि आपको पता हो कि डेंगू बुखार होने पर शरीर में क्या-क्या प्रमुख लक्षण उभरते हैं। डेंगू के अधिकांश लक्षण मलेरिया से मिलते-जुलते होते हैं लेकिन कुछ लक्षण अलग भी होते हैं। तेज बुखार, गले में खराश, ठंड लगना, बहुत तेज सिरदर्द, थकावट, कमर व आंखों की पुतलियों में दर्द, मसूड़ों, नाक, गुदा व मूत्र नलिका से खून आना, मितली व उल्टी आना, मांसपेशियों व जोड़ों में असहनीय दर्द, हीमोग्लोबिन के स्तर में वृद्धि, शरीर पर लाल चकत्ते (खासकर छाती पर लाल-लाल दाने उभर आना), रक्त प्लेटलेट (बिम्बाणुओं) की संख्या में भारी गिरावट इत्यादि डेंगू के प्रमुख लक्षण हैं। बीमारी कोई भी हो, उसके उपचार से बेहतर उससे बचाव ही होता है और डेंगू के मामले में तो बचाव ही सबसे बड़ा हथियार माना गया है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



शिक्षण संस्थानों में गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। हाल के वर्षों में छुट्टियों में समर कैंप का ट्रेंड बढ़ा है। एक लिहाज से यह बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए अच्छा है। खेलकूद से लेकर कला-कौशल तक सीखने और अभ्यास करने का मौका मिलता है। दूसरे बच्चों के साथ मिलने-जुलने और उनके साथ सीखने-अभ्यास करने से एक सामूहिकता की भावना उत्पन्न होती है। यह व्यक्तित्व के विकास में उपयोगी है। एक अन्य फायदा यह भी है कि छुट्टियों में बच्चे व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों में लगे रहेंगे तो मोबाइल-टीवी जैसे इलेक्ट्रानिक गजट से भी दूरी बनी रहेगी। भले ही कुछ समय के लिए। प्रतियोगी भावना का भी इससे विकास होता है। खेलकूद और नृत्य आदि ऐसे माध्यम हैं जिनसे बच्चों का शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है तथा इससे बच्चों के मनोबल का विकास होता है। हर बच्चे में प्रतिभा छिपी होती है। उस प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। हालांकि एक नकारात्मक पहलू भी अब देखने को मिल रहा है। समर कैंप को एक इवेंट की शक्ल दी जा रही है। इसे कमाई का जरिया बनाया जा रहा है जो उचित नहीं है। यह सही है कि इस तरह के आयोजन में खर्च होता है। खर्च की भरपाई भी होनी चाहिए। लेकिन इसे व्यापार की तरह संचालित करना और अधिक से अधिक लाभ कमाने की चाहत से बचना चाहिए। होना तो यह भी चाहिए कि सरकार की ओर से विभिन्न गतिविधियों को सीखने के लिए व्यवस्था की जाए। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जाए। इससे सही मायने में बच्चों के व्यक्तित्व का विकास हो सकेगी।

**फिरोज जिलानी, पत्रकार, रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# घरेलू मैदान पर मुम्बई को हराकर प्लेऑफ के लिए दावेदारी पेश करने उतरेगी लखनऊ

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स मंगलवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। सुपर जाइंट्स का लक्ष्य इस मैच को बड़े अंतर से जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत बनाना रहेगा। सुपर जाइंट्स इस मैच में जीत की इसलिए भी प्रबल दावेदार रहेगी क्योंकि उसे घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा हालांकि इसके बाद भी उसकी राह आसान नहीं रहेगी। इसका कारण है कि लीग के अंतिम चरण में फार्म में लौटी मुंबई इडियंस अपनी ओर से जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। मुम्बई के अभी 14 अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है जबकि लखनऊ 13 अंक के साथ ही चौथे स्थान पर है ।

ऐसे में दोनों टीमों इस मैच में जीत के साथ ही प्लेऑफ की ओर अगला बढ़ाना चाहेंगी। अभी आठ टीम इस दौड़ में बनी हुई हैं। मुंबई के लिए राहत की बात ये है कि उसके आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव फॉर्म में लौट आये हैं और पिछले दो मैचों में उन्होंने अपनी धमाकेदार परियों से टीम को जीत दिलायी है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ कप्तान रोहित शर्मा ने भी रन बनाकर फार्म में आने के संकेत दिये हैं। युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा की जगह पर आये निहाल वढेरा ने भी अब तक के मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की है।

गेंदबाजी में अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला ने विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया हुआ है। युवा आकाश बढवाल ने भी अच्छी गेंदबाजी की है। इस मैच में भी स्पिनर अहम हावी रह सकते हैं।

वहीं लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और कार्यवाहक कप्तान कृणाल पंड्या ने भी पिछले मै में प्रभावी गेंदबाजी की थी। अनुभवी अमित मिश्रा भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। तेज गेंदबाज खासकर आवेश खान को बेहतर गेंदबाजी करनी होगी अब तक वह महंगे साबित हुए हैं। टीम की बल्लेबाजी क्विंटोन डिकॉक , काइल मायर्स के अलावा युवा बल्लेबाज प्रेरक मांकड़ पर आधारित रहेगी। कुल मिलाकर यह मुकाबला रोमांचक रहने की संभावनाएं हैं।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, अरशद खान, जेसन बेहरेनडॉर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन, डुआन जानसेन, क्रिस जॉर्डन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिले मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, सूर्यकुमार यादव।

**लखनऊ सुपरजाइंट्स:** कृणाल पंड्या (कप्तान), काइल मायर्स, दीपक हुड्डा, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन , क्विंटोन डिकॉक , नवीन उल हक, आयुष बडोनी, अवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, करुण नायर और मयंक यादव।

## केकेआर ने चेन्नई को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखीं



**चेन्नई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में यहां चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत से प्लेऑफ के लिए टक्कर और कठिन हो गयी है। इस मैच में अगर सीएसके जीतती तो वह आसानी से प्लेऑफ में पहुंच जाती पर केकेकार की जीत से समीकरण बदल गये।

इस मैच में सीएसके की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 144 रन ही बना पायी। इसके बाद केकेआर ने जीत के लिए मिले लक्ष्य को 18.3 ओवर में ही चार विकेट पर हासिल कर लिया। केकेआर की 13 मैचों में यह छठी जीत है और इससे टीम 12 अंक हासिल कर प्लेऑफ की दावेदार बनी हुई है। चेन्नई के पास इस मैच को जीत कर प्लेऑफ में जगह बनाने का आवसर था पर वह सफल नहीं हो पायी। अब उसे अपना अगला मैच हर हाल में जीतना होगा।

इस मैच में लक्ष्य का बचाव करते हुए सीएके ने पावर प्ले में तीन विकेट लेकरअच्छी शुरुआत की थी पर केकेआर के रिंकू सिंह और कप्तान नितीश राणा ने शानदार साझेदारी कर अपनी टीम को जीत की राह पर पहुंचा दिया। रिंकू ने इस मैच में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका अदा करते हुए 43 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाये। रिंकू 18वें ओवर में रन आउट हुए तो 19वें ओवर में राणा ने चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी।

## महमूद की शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश ने आयरलैंड को हराकर एकदिवसीय सीरीज जीती



**चेम्सफर्ड (एजेंसी)।** तमीम इकबाल के अर्धशतक के बाद हसन महमूद की घातक गेंदबाजी की सहायता से बांग्लादेश ने आयरलैंड को तीसरे एकदिवसीय मैच में 4 रन से हराकर सीरीज 2-0 से जीत ली है। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तमीम के 69 रनों के बाद मुशफिकर रहीम के 45 रन व लिटन कुमार के 35 रनों की सहायता से 48.5 ओवर में 275 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम 270 रन ही बना पायी। इस प्रकार बांग्लादेश ने 4 रन से मैच जीत लिया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज स्टीवन डोहेनी 16 गेंदों पर 4 रन ही बना पाये। पॉल स्टर्लिंग ने 73 गेंदों पर 60 रन बनाये। एंडी बैलबर्नी ने 78 गेंदों पर 53 रन बनाए। हैरी टैक्टर ने 48 गेंदों पर 45 रनों की पारी खेली।

लोकार्न टकर ने भी अर्धशतक जड़ा टीम लक्ष्य के करीब पहुंचने लगी। अंतिम ओवर में आयरलैंड को जीत के लिए 24 रन बनाने थे। इस ओवर को फेंकने के लिए हसन महमूद आए और उन्होंने पहले मार्क अडेयर को 20 रन और फिर एंडी मैकब्रायन को 4 रन पर ही आउट कर अपनी टीम को जीत दिलायी।

## धोनी ने टीम के साथ लगाया मैदान का चक्कर , प्रशंसकों का आभार जताया

**चेन्नई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रविवार को हुए आईपीएल लीग मुकाबले के बाद जिस प्रकार चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने यहां टीम के साथ एमए चिदंबरम स्टेडियम का चक्कर लगाया और प्रशंसकों का आभार जताया उससे माना जा रहा है कि यह इस मैदान पर उनका अंतिम मैच था। इस मैच में पीली जर्सी पहने सीएसके हजारों प्रशंसक धोनी की एक झलक पाने के लिए आये हुए थे। मैच में बाद धोनी ने पूरी टीम के साथ मैदान का चक्कर लगाया। इस दौरान उन्होंने रैकेट से स्टैंड्स की ओर टेनिस गेंद उछालकर प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। इस दौरान सभी ओर धोनी-धोनी की धूम थी। इससे लगता है कि धोनी ने अपना अंतिम मैच इस मैदान पर खेल लिया है।

इस दौरान सभी लोग भावुक नजर आये। धोनी इस दौरान मैदान पर मौजूदा पुलिस अधिकारियों को भी धन्यवाद देते दिखे। उन्होंने धुटने के दर्द के कारण नी-कैप पहनी हुई थी। इस दौरान वह महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को भी उनकी शर्ट पर ऑटोग्राफ देते हुए दिखे। इस मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड हासिल करने वाले केकेआर के रिंकू सिंह को भी उन्होने ऑटोग्राफ दिया। इससे सवाल उठ रहे है कि क्या ये धोनी का इस मैदान पर अंतिम आईपीएल मैच था।



यह अब केवल दो मुकाबले और खेले जाएंगे। इसमें 23 मई को पहला क्वालीफायर और 24 मई को एलिमिनेटर मुकाबला है। ऐसे में अगर सीएसके प्लेऑफ में पहुंचती है तो उम्मीद है कि माही के प्रशंसकों को एक बार फिर उन्हें इस मैदान पर खेलते हुए देखने का सौभाग्य मिले। ये तो तय है कि यह धोनी का अंतिम आईपीएल है हालांकि अभी तक उन्होंने अपनी ओर से कुछ नहीं कहा है। सीएसके अभी 13 मुकाबलों में 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

## इटालियन ओपन : जोकोविच ने टूर्नामेंट में दिमित्रोव को हराया, स्वियातेक भी जीती

रोम। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने दूसरा सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए ग्रिगोर दिमित्रोव को 6 . 3, 4 . 6, 6 . 1 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के चौथे दौर में प्रवेश किया। लाल बजर पर पिछले दो टूर्नामेंटों में जोकोविच जल्दी बाहर हो गए जिसके मायने हैं कि इस टूर्नामेंट के बाद वह एक बार फिर नंबर एक रैंकिंग कार्लोस अलकाराज को गंवा देंगे। जोकोविच का सामना अब 13वीं वरीयता प्राप्त कैमरन नॉरी से होगा जिसने मार्टोन फुस्कोविक्स को 6 .2, 7 . 6 से हराया। इससे पहले दो बार की चैम्पियन इगा स्वियातेक ने लेसिया सुरेंको को 6 .2, 6 .0 से हराया। पिछले मैच में उन्होंने अनास्तासिया पी को 6 .0, 6 . 0 से मात दी थी। अब उनका सामना 21वीं वरीयता प्राप्त डोन्ना वेकिच से होगा जिसने 16वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा को 2 . 6, 7 . 6, 6 . 2 से हराया। फ्रेंच ओपन 2022 उपविजेता कोको गॉ को 27वीं वरीयता प्राप्त मैरी बूजकोवा ने 4 .6, 6 .2, 6 .2 से मात दी। वहीं मार्केटा वोंड्रूसोवा ने नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी को 7 .5, 6 .3 से हराया।



## अगले सत्र में भी खेलेंगे धोनी : विश्वनाथन



चेन्नई । चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा है कि कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी आईपीएल के अगले सत्र में भी खेलेंगे। एक ओर जहां अटकलें लगायी जा रही हैं कि धोनी इस सत्र के बाद आईपीएल को अलविदा कह देंगे। वहीं विश्वनाथन ने अपने बयान से इसपर विराम लगा दिया है। सीएसके द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि धोनी अगले सीजन में भी खेलेंगे, इसलिए मुझे उम्मीद है कि प्रशंसक हर बार की तरह हमारा समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि धोनी स्टंप के पीछे हमेशा की तरह प्रभावशाली रहे हैं और एक कप्तान के रूप में, एक बल्लेबाज के रूप में उनकी भूमिका में एक बड़ा बदलाव आया है। 41 साल के हो रहे धोनी ने इस सीजन में नंबर 8 पर बल्लेबाजी की है, उन्होंने कुछ ही गेंदें खेली हैं, उनमें से अधिकांश पर छक्के लगाये हैं हालांकि वह घुटने की कुछ चोटों से भी जूझ रहे हैं, जिससे अगले सत्र में उनकी फिटनेस को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं विश्वनाथन ने इसे सामान्य बताया। इससे पहले आईपीएल 2023 के 61वें मैच के बाद लगा कि ये धोनी का आखिरी सत्र है। ऐसा इसलिए क्योंकि टीम प्रबंधन ने इसे यादगार बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान धोनी ने टेनिस बॉल भी दर्शकों को दीं। सीएसके के इस आईपीएल सीजन के खेल की बात करें तो धोनी की टीम ने अब तक इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर कायम है। चेन्नई ने अबतक 13 मैच खेलकर 7 मैचों में जीत दर्ज की है जबकि 5 में हार मिली है।

## हरमनप्रीत की कप्तानी में एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में उतरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरमनप्रीत सिंह एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में भारतीय पुरूष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय टीम अब तक अपने मैदान पर एफआईएच प्रो लीग के पिछले चरण में विजेता रही है और अब उसका लक्ष्य विश्व चैम्पियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी अपने अपराजेय रिकार्ड को बनाये रखना रहेगा। यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का मुकाबला लंदन में बेल्जियम और ब्रिटेन से होगा जबकि नीदरलैंड में उसे अर्जेंटीना और नीदरलैंड से होगा।

इस टूर्नामेंट से गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की टीम में वापसी हुई है। उन्हें अनुभवी पी आर श्रीजेश के साथ रखा गया है। इनके अलावा टीम में पांच पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ हरमनप्रीत, अमित रोहिदास,जरमनप्रीत सिंह, संजय और मनदीप मोर भी शामिल हैं ।

मनप्रीत सिंह अब मिडफील्ड की बजाय बैकलाइन में सुमित और गुरिंदर सिंह के साथ रहेंगे। मिडफील्ड में उपकप्तान हार्दिक सिंह, दिलप्रीत सिंह, एम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह और विवेक सागर प्रसाद हैं। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति में सिमरनजीत सिंह की वापसी हुई है।

उनके साथ अभिषेक, ललित उपाध्याय, एस कार्ति, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, राजकुमार पाल और मनदीप सिंह रहेंगे।

भारतीय टीम के कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,'' यह टूर्नामेंट शीर्ष टीमों के खिलाफ अपनी तैयारियों के आंकलन का अच्छा अवसर है। इससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा।''

### भारतीय टीम इस प्रकार है

गोलकीपर : कृशन बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश

डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) ,अमित रोहिदास,जरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, सुमित, संजय,



मनदीप मोर, गुरिंदर सिंह

मिडफील्डर : हार्दिक सिंह, दिलप्रीत सिंह, एम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह और विवेक सागर प्रसाद

फॉरवर्ड : सिमरनजीत सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, एस कार्ति, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, राजकुमार पाल और मनदीप सिंह ।

## फाउंडर्स कप : भारत की अदिति संयुक्त पांचवें स्थान पर रहीं


क्लिफ्टन । भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक फाउंडर्स कप में संयुक्त पांचवें स्थान पर रहीं हैं। अदिति इसमें एक ओवर 73 का ही स्कोर कर पायीं। वह तीन दिन खिताब की दौड़ में बने रहने के बाद पीछे हो गयी। वह इससे पहले अदिति जेएम ईगल एलए चैम्पियनशिप में भी उपविजेता रहीं थीं। अपने इस प्रदर्शन के बाद वह रेस टू सीएमई ग्लोब में शीर्ष 20 में पहुंच जायेगी पर एलपीजीए टूर पर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने के लिये अभी उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अगले सप्ताह वह आरामको सीरिज फ्लोरिडा में खेलेंगी। कोरिया की जिन यंग को ने पांच साल में तीसरी बार फाउंडर्स कप जीता जबकि मिंजी ली को दूसरा स्थान मिला।

## इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी पाक

सिडनी । पाकिस्तान क्रिकेट टीम इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इस दौरे में पाक टीम ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ तीन मैच खेलेगी। ये मैच दिसंबर और जनवरी में खेले जाएंगे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीम वेस्टइंडीज के याथ भी दो टेस्ट मैच खेलेगी। पाक के खिलाफ मेजबान टीम सीरीज का पहला टेस्ट मैच पर्थ में 14 से 18 दिसंबर तक जबकि दूसरा टेस्ट मैच 26 से 30 दिसंबर के बीच मेलबर्न में खेलेगी। वहीं तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच तीन से सात जनवरी के बीच सिडनी में होगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम वेस्टइंडीज के साथ खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय और तीन टी20 खेलेगी।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर होगी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से एडिलेड के लिए रवाना हो गई है। इस दौरान गोलकीपर सविता की अगुवाई में और उपकप्तान डीप ग्रेस एक्का दौरे के तहत मेट स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज मेजबानों के खिलाफ खेलेंगी जो आगामी हांग्जो एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम की तैयारियों का हिस्सा है।



इस दौरे के बारे में बोलते हुए, कप्तान सविता ने कहा, 'भारत और ऑस्ट्रेलिया ने पिछले कुछ वर्षो में एक स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता का आनंद लिया है। हमने उन्हें टोक्यो ओलंपिक में हराया और उन्होंने पिछले साल बर्मिघंम राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान हमें हराया थआ। उनकी जैसी गुणवत्ता वाली टीम के खिलाफ खेलना है। ये हमेशा सीखने का अनुभव होता है और हम इस दौरे को लेकर उत्साहित है।

गौरतलब है कि पीछले साछ बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्ट पदक जीतने मे भारतीय टीम ने सफलता हासिल की थी। इसके बाद एफआईएच नेशंस कप में भी भारतीय टीम विजेता बनी थी। इस कप को जीतने के बाद भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के सत्र के लिए खुद ही क्वालीफाई कर लिया है। बता दें कि टीम हांग्जो एशियाई खेलों में भी गोल्ड जीतने की इच्छा से ही मैदान में उतरेगी। अगर टीम ने इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया तो टीम को पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिल जाएगा।

## इस साल के अंतिम में वैश्विक फुटबॉल लीग शुरु करेंगे रोनाल्डिन्हो

लॉस एंजिलिस । बार्सिलोना क्लब की ओर से खेलने वाले ब्राजीली फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो अब गली में खेलने वाले प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को एक मंच देने के लिए इस साल के अंत में वैश्विक स्तर पर 'स्ट्रीट सॉकर लीग' शुरू करने जा रहे हैं। रोनाल्डिन्हो ने अपनी शुरुआत भी गलियों में खेल कर ही की थी। ऐसे में वह चाहते हैं कि इस तरह से खेल से जुड़ने वालों खिलाड़ियों को दुनिया भर में अपना कौशल दिखाने का अवसर मिले। रोनाल्डिन्हो के अनुसार इससे बेहतरीन प्रतिभाओं के सामने आने की काफी संभावनाएं हैं। यह वैश्विक स्ट्रीट लीग इस साल के अंत में शुरू होगी। पहले इसमें सोशल मीडिया के जरिये खिलाड़ियों को जांचा जायेगा, जहां सभी उम्र के 'स्ट्रीट' फुटबॉलरों को टीमों में से एक में शामिल होने के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ कौशल और खेल के तरीकों का वीडियो भेजना होगा। उसे देखने के बाद इन्हें आगे की प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा ओर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चयन प्रणाली के जरिये अवसर मिलेगा। इस लीग का आयोजन दुनिया भर के प्रमुख शहरों में होगा। इस प्रतियोगिता में शामिल टीमें रोनाल्डिन्हो ग्लोब स्ट्रीट टीम चैंपियंस' के खिताब के लिए मुकाबला करेंगी।

## वैश्विक क्रिकेट को बढ़ावा देने यूएई जाएगी न्यूजीलैंड


वैलिंगटन । न्यूजीलैंड टीम इस साल अगस्त में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दौरे पर जाएगी। इस दौरे में कीवी टीम तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने ने कहा कि ये तीनों मैच 17, 19 और 20 अगस्त को क्रत्रिम रोशनी में खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने कहा कि उन्हें खुशी है कि टीम यूएई में खेलेगी। व्हाइट ने कहा, वैश्विक क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यह जरुर है कि हम एक-दूसरे की सहायता करते रहें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल को आगे बढ़ाएं। एनजेडसी का अमीरात क्रिकेट बोर्ड के साथ घनिष्ठ संबंध है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि हमारी टीम प्रतिस्पर्धी यूएई टीम के खिलाफ अपने को आंकने लिए उत्सुक होंगे। इस बीच, अमीरात क्रिकेट बोर्ड के महासचिव मुबश्शिर उस्मानी ने न्यूजीलैंड को दुनिया की शीर्ष टी-20 टीमों में से एक बताया और कहा कि इस श्रृंखला से यूएई के खिलाडियों को एक अच्छा अवसर मिलेगा। उस्मानी ने न्यूजीलैंड क्रिकेट का दौरे के लिए आभार जताते हुए कहा कि यह श्रृंखला हमारे खिलाडियों के लिए न केवल एक शीर्ष टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने बल्कि विश्व के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों से सीखने का भी एक बड़ा अवसर होगा।

## भारत सुदीरमन कप के पहले मुकाबले में चीनी ताइपे से 1-4 से हारा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की सुदीरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में शुरुआत निराशाजनक रही और उसे ग्रुप सी के अपने पहले मुकाबले में ही रविवार को यहां चीनी ताइपे से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। पीवी सिंधू सहित भारतीय खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चुनौती दी लेकिन वे अनुकूल परिणाम हासिल करने में नाकाम रहे। भारत की तरफ से तनीषा क्रास्टो और के साई प्रतीक ने मिश्रित युगल मुकाबले में पहला गेम जीतकर सकारात्मक शुरुआत की लेकिन आखिर में वे यांग पो हुआन और हू लिंग फेंग से 21-18 24-26 6-21 से हार गए।

विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय पुरुष एकल में अपने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन नहीं कर पाए और विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन से 19-21,15-21 से हार गए। इससे भारत 0-2 से पीछे हो गया। भारत को वापसी दिलाने का जिम्मा अब सिंधू पर था लेकिन विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ताइ जु यिंग को कड़ी चुनौती देने के बावजूद वह जीत दर्ज नहीं कर पाई। हैदराबाद की रहने वाली 27 वर्षीय सिंधू ने महिला एकल के इस मैच में दूसरा गेम जीतकर अच्छी वापसी की। इसके बाद उन्होंने तीसरे और निर्णायक गेम में अपनी प्रतिद्वंदी को कड़ी चुनौती दी। ताइ जु ने एक घंटा चार मिनट तक चले इस मैच को 21-14 18-21 21-17 से जीता।

इससे चीनी ताइपे ने पांच मैचों के मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर दी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इसके बाद पुरुष युगल मैच में ली यांग और ये होंग वेई को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें आखिर में 13-21 21-17 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे भारत 0-4 से पीछे हो गया। त्रीसा जॉली और पी गायत्री गोपीचंद की विश्व में 17वें नंबर की महिला युगल जोड़ी ने इसके बाद जबर्दस्त संयम का परिचय दिया और पहले गेम में मिली हार से उबरकर ली चिया सीन और टेंग चुन सून को 21-15 18-21 13-21 से पराजित करके चीनी ताइपे को क्लीन स्वीप नहीं करने दिया।



# हिंदी सिनेमा में ज्यादा रोमांस और

## हीरो के सिक्स पैक होना भी जरूरी है : श्रीनिवास बेलमकोंडा



एक्शन फिल्म पसंद करने वाले दर्शकों के लिए छत्रपति किसी ट्रीट से कम नहीं है। फिल्म में एक्शन के साथ भरपूर ड्रामा भी देखने को मिलेगा। वी.वी. विनायक के निर्देशन में बनी फिल्म के जरिए तेलुगू सुपरस्टार श्रीनिवास बेलमकोंडा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं, जो 12 मई को रिलीज हो गई है। छत्रपति साल 2005 में इसी नाम से आई प्रभास की फिल्म का हिंदी रीमेक है। फिल्म में श्रीनिवास के अलावा नुसरत भरूचा, शरद केलकर और भाग्यश्री मुख्य किरदार में हैं।

**इस फिल्म से आप बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं तो कैसा फील कर रहे हैं?**

थोड़ा नर्वसनेस है, क्योंकि जब आप अपनी भाषा के अलावा किसी दूसरी भाषा में पहली बार काम कर रहे हैं तो यह होना लाजमी है। मेरा कंफर्टेबल जोन आंध्र प्रदेश और तेलंगाना है, जिससे ये बिल्कुल अलग है। वहां मैं अपनी भाषा में फिल्म करता हूं, प्रमोट करता हूं लेकिन ये एक्सपीरियंस भी काफी बढ़िया है। फिल्म की शूटिंग के दौरान हमने काफी मस्ती की।

**हिंदी फिल्मों को लेकर आपका क्या नजरिया है?**

जैसे साऊथ की फिल्मों में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलता है, वैसे ही हिंदी सिनेमा में रोमांस थोड़ा ज्यादा होता है। जैसे बर्फीले मौसम में खड़े होकर रोमांस करना। इसके साथ हीरो के सिक्स पैक होना बहुत जरूरी माना जाता है। तभी वह विलेन को खत्म करने में कामयाबी हासिल कर सकता है, लेकिन हमारे यहां एक्शन पर ज्यादा फोकस किया जाता है, क्योंकि ऑडियंस को वही ज्यादा पसंद होता है।

**एक्शन के अलावा कौन से जॉनर की फिल्में करना पसंद करते हैं?**

मुझे थ्रिलर जॉनर बेहद पसंद है। आगे मैं कोई ऐसी ही फिल्म करना चाहूंगा। वहीं छत्रपति फिल्म के लिए हमारी पूरी टीम ने काफी मेहनत की है। उम्मीद है दर्शकों को यह अच्छी लगेगी।

**शूटिंग के दौरान आपको हिंदी बोलने में कोई दिक्कत हुई?**

नहीं, मुझे हिंदी भी अच्छे से आती है तो कोई खास परेशानी नहीं हुई। बस थोड़ा बोलने का तरीका, डायलॉग्स में रुकना और उतार-चढ़ाव में दिक्कत हुई थी। उसके लिए मैंने काफी प्रैक्टिस की तो वो भी ठीक हो गया।

**इस फिल्म को हां कहने का क्या कारण रहा?**

इसकी मुख्य वजह श्रीनिवास के पापा सुरेश बेलमकोंडा हैं। सर, मुंबई आए और मुझसे बात की कि आपको ये फिल्म करनी है। मैं श्री को जानती तक नहीं थी और फिल्म के बारे में भी कुछ पता नहीं था, लेकिन इनके पिताजी इस बात पर अड़ गए थे कि आपको ही ये फिल्म करनी है। जिस इमोशन और हक के साथ ये बात कही कि मेरे दिल को छू गई। फिर मैंने कहा कि ठीक है, मैं करूंगी। कुछ लोग होते हैं न जिनसे जल्दी कनैक्ट फील करने लगते हैं। ऐसे ही मैं उनसे जुड़ गई।

**पूरी फिल्म के दौरान आपको कहीं भी ऐसा लगा कि यहां ओवर एक्शन हो गया?**

जब साऊथ की फिल्में देखती थी तो सोचती थी कि ये कैसे हो रहा है। कुछ तो कर रहे हैं ये लोग, ये रीयल नहीं हो सकता। बताओ एक गोली से छह इंसान मर सकते हैं, ये थोड़ा ज्यादा हो गया। जब फिल्म में ये चीजें होते हुए देखी तो पता चला कि टेक्निकल टीम के साथ एक्शन सीक्वेंस असल में किए जाते हैं। तभी तो एक्शन को साऊथ की फिल्मों की जान कहा जाता है।

**आपने अलग-अलग रोल किए हैं, ऐसे में कोई ऐसी चीज जिससे सबसे ज्यादा डर लगता है?**

जब कोई भी फिल्म करती हूं तो किरदार से नहीं बल्कि मुझे भूलने से सबसे ज्यादा डर लगता है। हर एक्टर के करियर में राइज आता है फिर पता नहीं चलता कि वो कहां गायब हो गया। मैं नहीं चाहती कि मेरे साथ भी ऐसा हो। फिल्मों के जरिए ऐसा करें कि लोग आपको याद रखें, काम की सराहना करें।

# परिणीति-राघव की हुई सगाई





आखिर वो घड़ी आ ही गई जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार था। 13 मई को एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ऑफिशियली आप नेता राघव चड्ढा की मंगेतर हो गईं। कपल ने शनिवार शाम फैमिली और फ्रेंड्स की मौजूदगी में रिंग्स एक्सचेंज की। रिंग सेरेमनी की तस्वीरें परिणीति और राघव ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं और साथ ही खास कैप्शन भी लिखा है। दोनों की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं और फैंस कपल पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने इंगेजमेंट की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- 'मैंने जो कुछ भी प्रार्थना की .. उसने हां कहा। वाहेगुरू जी मेहर करन। इन तस्वीरों में परिणीति-राघव एक दूसरे की बाहों में रोमांटिक पोज दे रहे हैं। दोनों एक दूजे संग ट्विनिंग किए नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में दोनों अपने हाथों में इंगेजमेंट रिंग फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं। परिणीति के हाथ में खूबसूरत डायमंड रिंग नजर आ रही है, जबकि राघव के हाथ में चमचमाती गोल्ड रिंग दिख रही है। फैंस कपल की इन तस्वीरों को जमकर लाइक कर रहे हैं और उन्हें सगाई की बधाई भी दे रहे हैं। बता दें, परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा का इंगेजमेंट फंक्शन दिल्ली के कपूरथला हाउस में हुआ, जहां फिल्म इंडस्ट्री से लेकर राजनीति जगत की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। अब कपल की रिंग सेरेमनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब धूम मचा रही हैं।

# मेरा दिल कई बार टूटा है : उर्फी जावेद



उर्फी जावेद ने हाल ही में बताया कि उनका दिल कई बार टूटा है। रणवीर से बात करते हुए उर्फी जावेद ने इस दौरान अपने एक्स बॉयफ्रेंड से जुड़ा किस्सा भी सुनाया और खूब भड़ास निकाली। उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर उनके फोटोज और वीडियोज वायरल होते हैं। उर्फी एक ओर जहां अपने अतरंगी फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं तो दूसरी ओर उनके बेबाक जवाब भी लोगों के बीच चर्चा में रहते हैं। इस बीच उर्फी ने एक इंटरव्यू में अपने एक्स बॉयफ्रेंड का जिक्र किया और कहा कि उनका दिल कई बार टूटा है। वहीं उन्होंने इससे जुड़े किस्से भी सुनाए।

**रणवीर के पॉडकास्ट में उर्फी**

दरअसल उर्फी जावेद हाल ही में रणवीर सिंह के पॉडकास्ट शो में पहुंची, जिसका एक प्रोमो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रणवीर, उर्फी से पूछते हैं कि क्या कभी तुम्हारा दिल टूटा है? इस पर उर्फी कहती हैं- बहुत बार। इसके बाद उर्फी कई किस्से बताती हैं। उर्फी बताती हैं कि उसने उसे बेवकूफ बनाया था। उर्फी बताती हैं कि एक्स बॉयफ्रेंड ने उनकी डेट ऑफ बर्थ का टैटू बनवाया था, और वहीं बाद में सोशल मीडिया पर स्टोरी डाली डाली थी और पिता का जिक्र किया था।

**पिता के डेट ऑफ बर्थ का टैटू**

वहीं जब उर्फी ने उससे ये बात पूछी थी तो उसने बताया था कि उसके पिता और उसका डेट ऑफ बर्थ एक ही है, ऐसे में उसने ये काम किया। उर्फी कहती हैं कि मैं तो फालतू में खुश हो रही थी, जबकि वो टैटू उसके पिता का था, मैं तो उसके नाम का टैटू बनवा लिया था। उर्फी आगे बताती है कि सोशल मीडिया पर लड़कियों के साथ लद लदकर फोटोज डालता था और मुझे कहता था बचपन की दोस्त है। इसके बाद आकर कहता था -बेबी उसने मुझे किस करने की कोशिश की।

**उसके नाम से गालियां निकलती हैं...**

एक्स बॉयफ्रेंड को लेकर उर्फी की भड़ास यही नहीं निकलती है और बातों ही बातों में वो कई बार गालियां देती हैं। उर्फी कहती हैं कि जब मैंने अपना टैटू कवर अप करवा लिया तो उसे दिक्कत थी। उर्फी कहती हैं कि तो क्या मैं सिंदूर और मंगलसूत्र लगाकर पहनूं क्या? इसके बाद उर्फी आखिर में कहती हैं कि उसके नाम से सिर्फ गालियां ही निकलती हैं। गौरतलब है कि उर्फी अक्सर किसी न किसी वजह से खबरों में रहती हैं।

# हीर पर हम सभी गर्व कर सकते है :अरमान



बोल दो ना जरा, बुद्धू सा मन और तेरे मेरे जैसे गानों के लिए पहचाने जाने वाले प्लेबैक सिंगर अरमान मलिक ने हीर नाम से एक सरप्राइज सिंगल रिलीज किया है। ट्रैक के लिए, सिंगर ने म्यूजिकल जोड़ी लॉस्ट स्टोरीज, किमेरा और हिप-हॉप आर्टिस्ट यशराज के साथ कोलैबोरेट किया है। ट्रैक पॉप में इलेक्ट्रॉनिक और डांस के साथ-साथ हिप-हॉप शैलियों को मिक्सअप है। अरमान ने ट्रैक को अपना अब तक का सबसे कोलैबोरेटिव

मुझे खुशी है कि मैं अपने दोस्तों लॉस्ट स्टोरीज, यशराज और किमेरा के साथ मिलकर एक ट्रैक बना सका, जिस पर हम सभी गर्व कर सकते हैं और वास्तव में इसका आनंद ले सकते हैं। यह गाना कुछ सीमाओं को पार कर रहा है और पंजाबी पॉप, देसी हिप हॉप और यूके ड्रम और बास का एक अनूठा मिश्रण है। मैंने इस गाने में अलग टोन का इस्तेमाल किया है और मुझे यकीन है कि मेरे फैंस इसका आनंद लेंगे। उन्होंने आगे कहा- मैं वास्तव में मानता हूं कि हीर इंडियन म्यूजिक सीन में एक प्रमुख गेम चेंजर साबित हो सकता है। उम्मीद है कि यह भविष्य में और भी बहुत कुछ करेगा। हीर सभी प्रमुख ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

# अपनी बेटी समायरा के लिए बोली दीया मिर्जा



इस वर्ष अनुभव सिन्हा निर्देशित राजकुमार राव भूमि पेडनेकर अभिनीत भीड में नजर आई दीया मिर्जा, जिन्होंने 2021 में व्यवसायी वैभव रेखी के साथ शादी के बंधन में बंधी, वैभव की 14 वर्षीय बेटी समायरा रेखी के साथ अपने संबंधों पर बातचीत की है। दीया ने समायरा द्वारा अपने फोन पर दिए गए उपनाम के बारे में एक मजेदार कहानी भी साझा की। जूम एंटरटेनमेंट को दिए एक इंटरव्यू में दीया ने कहा कि बच्चे का सम्मान होना जरूरी है। दीया ने कहा, मैं उसे एक व्यक्ति के रूप में मानती हूं, जो वह है। मुझे लगता है कि एक बच्चे के लिए प्यार और देखभाल करना बहुत जरूरी है। लेकिन एक बच्चे के लिए एक व्यक्ति के रूप में सम्मान होना भी बहुत महत्वपूर्ण है, और मैं समायरा के साथ ऐसा इसलिए करती हूं क्योंकि मेरे माता-पिता ने मेरे साथ ऐसा किया। मुझे सौतेली बेटी शब्द से नफरत है। क्योंकि मैंने कभी अपने पिता को सौतेला पिता नहीं कहा। मेरे एक सौतेले पिता थे। समायरा के अपने लिए उपनाम के बारे में बात करते हुए, दीया ने कहा, सबसे लंबे समय तक, समायरा ने मेरा नाम अपने फोन पर अभी तक दुष्ट सौतेली माँ नहीं के रूप में सहेजा था। इसलिए मैंने अभी तक सौतेली माँ के रूप में योग्यता प्राप्त नहीं की है। मैं कभी भी दुष्ट सौतेली माँ की अवधारणा के साथ बड़ी नहीं हुई। यदि आप अच्छे लोगों को उठाना चाहते हैं जो हर किसी का सम्मान करना सीखते हैं तो आपको ऐसे लोगों को भी उठाना होगा जो समझते हैं कि कभी-कभी कुछ रिश्ते काम नहीं करते हैं और कुछ अन्य करते हैं। ज्ञातव्य है कि समायरा, वैभव की पहली शादी सुनैना रेखी से हुई, बेटी है। दीया और वैभव का एक बेटा है- अयान आजाद रेखी।

# तुनिषा शर्मा ने जिस फिल्म स्टूडियो में लगाई थी फांसी वह जलकर हुआ खाक



महाराष्ट्र के पालघर में एक फिल्म स्टूडियो में आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग मुंबई के बाहरी इलाके वसई में कामन स्थित भजनलाल स्टूडियो में शुक्रवार आधी रात के समय लगी। यह फिल्म स्टूडियो आग लगने की वजह से जलकर राख हो गया है। पालघर का यह स्टूडियो पिछले साल तब चर्चा में बना हुआ था जब इस तुनिषा शर्मा ने यहां फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वसई-विरार शहर नगर निगम के एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि शनिवार तड़के करीब चार बजे आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। आग भजनलाल स्टूडियो में लगी, जहां पिछले साल 24 दिसंबर को तुनिषा ने टीवी शो अली बाबा-दास्तान-ए-काबुल के सेट पर फांसी लगाकर जान दे दी थी। अभिनेत्री की मौत के बाद उनके साथी कलाकार एवं पूर्व प्रेमी शीजान को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया था जिसे पांच मार्च को जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# ममूटी ने क्राइम थ्रिलर बाजूका की शूटिंग शुरू की



सुपरस्टार ममूटी, जिनका बॉक्स ऑफिस पर अब तक का साल शानदार रहा है, ने अपकमिंग थ्रिलर फिल्म बाजूका की शूटिंग अपने गृह जिले एर्नाकुलम में शुरू कर दी है। ममूटी अभिनीत 24 फिल्मों में काम करने वाले स्क्रिप्टराइटर कलूर डेनिस के बेटे और नवोदित डीनो डेनिस द्वारा निर्देशित, बाजूका एक क्राइम थ्रिलर है जिसमें कई ट्विस्ट और टर्न हैं। फिल्म का निर्माण यूडली फिल्म्स द्वारा किया गया है, जो सारेगामा इंडिया लिमिटेड की शाखा है, जबकि थिएटर ऑफ ड्रीम्स सह-निर्माता है। फिल्म में गौतम मेनन, सनी वेन, जगदीश, दिव्या पिल्लई और ऐश्वर्या मेनन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सिनेमाटोग्राफी निमेश रवि का है।

# विजय वर्मा ने दहाड़ के लिए

## ड्राइविंग की प्रैक्टिस के लिए पुराना एंबुलेंस चलाया



ओटीटी शो दहाड़ के लिए तारीफें बटोर रहे एक्टर विजय वर्मा ने बताया कि बड़े वैन ड्राइव करने के अपने कौशल को मांजने के लिए उन्हें एक बड़ा और पुराना वाहन प्रैक्टिस के लिए दिया गया था। सीरीज में विजय एक सीरियल किलर का रोल कर रहे हैं जो महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर उनकी हत्या कर देता है। वह एक स्कूल वैन में सभी वारदातों को अंजाम देता है जिसका इस्तेमाल वह परोपकार के लिए भी करता है। एक्टर ने कहा, मुझे एक पुराना एंबुलेंस दिया गया था ताकि मैं उस तरह के बड़े वाहन को चलाने की प्रैक्टिस कर सकूं। उन्होंने कहा, सीरीज का प्रोडक्शन शुरू होने से पहले मैं मुंबई के यारी रोड इलाके में पुराना एंबुलेंस चला रहा था। दहाड़ प्राइम वीडियो पर आ रहा है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, गुलशन देवैया और सोहम शाह भी हैं।